दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
अब फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित
FIRST INDIA
Scan to Subscribe
वर्ष: 3 I अंक: 291 जयपुर, रविवार, 29 सितंबर, 2024 I आश्विन, कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 3.00
https://www.instagram.com/sachbedhadakd | https://www.youtube.com/@SachBedhadakD | https://x.com/SachBedhadakD | https://www.facebook.com/SachBedhadakD




### "जय श्री राम-रामायण" नाटक का मंचन आज

**जयपुर।** अभिनेता और निर्माता-निर्देशक पुनीत इस्सर का "जय श्री राम-रामायण" लाइव नाटक रविवार शाम 6 बजे दीप स्मृति ऑडिटोरियम, मानसरोवर, जयपुर में मंचित किया जाएगा। इससे पूर्व पुनीत इस्सर ने फर्स्ट इंडिया टीवी चैनल में 'की नोट बाय पवन अरोड़ा' कार्यक्रम में शिरकत की। इस बातचीत के दौरान उन्होंने अरोड़ा से इस नाटक के साथ ही इंडस्ट्री के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

● देखें पेज 2 पर

**जरूरी खबर**

### प्रदेश कैबिनेट की बैठक आज, कई निर्णय संभव

**जयपुर।** प्रदेश की भजनलाल सरकार की कैबिनेट बैठक रविवार को होगी। बैठक दोपहर 3 बजे से प्रस्तावित है। राइजिंग राजस्थान समिट से पहले प्रदेश में कुछ नई नीतियां भी लागू होनी हैं। इनमें नई खनन नीति और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ाने के लिए हीलिंग इन पॉलिसी का अनुमोदन भी कैबिनेट में किया जा सकता है। इसके साथ ही राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट राजस्थान के मद्देनजर उद्योगों को रियायत के मामले में इन प्रस्तावों पर बात की जा सकती है। इसके साथ राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा होगी और सरकारी कर्मचारियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं संभव है।

### चूहों के कारण रामनिवास बाग कल से 2 दिन बंद

**जयपुर।** निदेशक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, पंकज धरेन्द्र ने बताया कि विभाग को जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर की ओर से पत्र लिख सूचित किया गया है कि चूहे नियंत्रण के लिए रामनिवास बाग को 30 सितंबर से 1 अक्टूबर तक बंद रखा जाएगा। रामनिवास उद्यान के पर्यटकों के लिए बंद रहने की और वे अल्बर्ट हॉल नहीं जा सकेंगे। इसलिए उपरोक्त दिनों के लिए अल्बर्ट हॉल को बंद रखा जाएगा।

**जम्मू में गरजे प्रधानमंत्री:** आतंक के आकाओं को पता है कि कोई भी हिमाकत की तो मोदी पाताल से भी खोज निकालेगा

# यह नया भारत है, जो घर में घुसकर मारता है: पीएम मोदी

एजेंसी | जम्मू

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राज्य में तीसरे चरण के चुनाव के प्रचार के लिए शनिवार को जम्मू पहुंचे। उन्होंने यहां पर एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 28 सितंबर 2016 को सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी। दुनिया को भारत ने बता दिया था कि ये नया भारत है। यह घर में घुसकर मारता है। आतंक के आकाओं को पता है कि अगर कुछ भी हिमाकत की तो मोदी तालाब से उन्हें खोज निकालेगा। कांग्रेस वो पार्टी है जिन्होंने हमारी सेना से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा, 'शहीद वीर सरदार भगत सिंह की जन्म जयंती भी है। देश के करोड़ों युवाओं की प्रेरणा, भगत सिंह जी को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।'



### गोली का जवाब गोले से दिया तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए

पीएम ने कहा कि जम्मू का बॉर्डर से सटा है। आप याद कीजिए, जब सीमापार से गोले बरसते थे, मीडिया में ब्रेकिंग न्यूज चलती थी कि 'फिर सीजफायर का उल्लंघन।' उधर से फायरिंग होती थी और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। जब हमने गोली का जवाब गोले से देना शुरू किया तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए।

**विपक्ष पर साधा निशाना:** पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के लिए मर मिटने वालों का कांग्रेस कभी सम्मान नहीं कर सकती। यही कांग्रेस है, जिसने चार दशक तक हमारे फौजी परिवारों को 'वन रैंक वन पेंशन' के लिए तरसाया। कांग्रेस ने हमारे फौजियों से झूठ बोला। ये कहते थे कि 'वन रैंक वन पेंशन' से खजाने पर जोर पड़ेगा, लेकिन मोदी ने फौजी परिवारों के हित के आगे कभी भी खजाने को नहीं देखा है। पीएम मोदी ने कहाकि इसलिए 2014 में सरकार बनने के बाद हमने OROP लागू किया। पीएम मोदी ने कहा कि यहां तीन पार्टियां वंशवादी हैं। ये चुनाव जम्मू-कश्मीर का भविष्य चुनने के लिए है।

**जम्मू-कश्मीर को शीघ्र राज्य का दर्जा:** इस दौरान पीएम मोदी ने स्थानीय लोगों को भरोसा दिया कि जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित बनाने का फैसला अस्थाई था. बहुत जल्द भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार क्षेत्र का राज्य का दर्जा बहाल करेगी. अपने भाषण में पीएम मोदी ने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी को भी आड़े हाथ लिया. उन्होंने विपक्ष पर लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने का आरोप लगाया.

**आईडीएफ Vs हिजबुल्लाह:** इजराइली सेना के हमले जारी... मिली बड़ी कामयाबी

# बेटी के साथ मारा गया हिजबुल्लाह का चीफ

- हसन नसरल्लाह अब दुनिया को आतंकित नहीं कर पाएगा: IDF
- इजराइली हमले में हिजबुल्ला का मुख्यालय ध्वस्त हो गया

एजेंसी | नई दिल्ली

इजराइल और लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के बीच सालों से चल रही जंग पिछले कुछ दिन में काफी गंभीर हो गई। ऐसे में इस हफ्ते की शुरुआत से ही इजराइली सेना हिजबुल्लाह को निशाना बनाते हुए लेबनान पर ताबड़तोड़ हवाई हमले कर रही है। इजराइली सेना के लेबनान पर पिछले कुछ दिन के हमलों में 700 से ज्यादा लोग मारे गए और 1700 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हिजबुल्लाह के कई आतंकी भी इन हमलों में हताहत हुए, लेकिन शुक्रवार को इजराइली सेना ने हिजबुल्लाह को सबसे बड़ी चोट देते हुए हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह को मार गिराया। हालांकि अभी तक नसरल्लाह की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी, पर अब वो भी हो गई है।



**IDF ने की नसरल्लाह की मौत की पुष्टि**

इजराइल की सेना (आईडीएफ) ने नसरल्लाह की मौत की पुष्टि कर दी है। इजराइली सेना ने आतंकी चीफ के मारे जाने की खबर पर मुहर लगा दी है। दरअसल, इजराइली सेना ने बेरूत में हिजबुल्लाह के मुख्यालय पर मिसाइल हमला किया, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गए। इस हमले में हसन नरसल्लाह की बेटी जैनब भी मारी गई। आईडीएफ ने सोशल मीडिया एक्स पर इस जानकारी को कन्फर्म किया। आईडीएफ ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा,"हसन नसरल्लाह अब दुनिया को आतंकित नहीं कर पाएगा।"

### ईरान के सुप्रीम लीडर सुरक्षित जगह पर गए

इजराइल के हमले में हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद हलचल तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई सुरक्षित स्थान पर चले गए हैं। बताया जा रहा है कि खामेनेई देश के अंदर ही हैं, मगर वह जिस जगह पर ले जाए गएं हैं वहां सुरक्षा एकदम कड़ी कर दी गई है।

### खामेनेई ने की इमरजेंसी बैठक

सूत्रों का कहना है कि ईरान लेबनान के हिजबुल्लाह और अन्य क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ लगातार संपर्क में था। इस दौरान इसे लेकर प्लानिंग चल रही थी कि इजराइल के खिलाफ अगला एक्शन क्या होगा। इससे पहले, खामेनेई ने शुक्रवार को अपने घर पर देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी मीटिंग भी बुलाई थी।

### आईडीएफ के हाथों मारे गए हिजबुल्लाह के कई कमांडर

हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने से पहले इस आतंकी संगठन के ज्यादातर टॉप कमांडर इजराइली हमले के शिकार हो चुके हैं। इस वक्त केवल एक कमांडर जिंदा बचा है, जिसकी तलाश में इजराइली सेना लगी हुई। उसके खात्मे के साथ ही इजराइल इस जंग को जीत लेगा। इस कमांडर का नाम अबू अली रिदा है, जो कि बदर यूनिट का कमांडर है। इससे पहले हिजबुल्लाह के चार टॉप कमांडर मारे गए थे, जो कि इस संगठन के मजबूत स्तंभ थे। इनमें इब्राहिम अकील (ऑपरेशन हेड), मोहम्मद कबीसी (मिसाइल और रॉकेट यूनिट हेड), फौद शुक्र (हिजबुल्लाह का सर्वोच्च कमांडर), अल कराकी (साउथ फ्रंट कमांडर) का नाम शामिल है।

प्रवासी राजस्थानी समुदाय को जड़ों से जोड़ने का सरकार का अभियान... सीएम शर्मा ने किया आह्वान

# 'राज्य की आर्थिक पुनरुत्थान यात्रा का आप भी बनें हिस्सा'

बेधड़क | रांची/जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि "मारवाड़ी और अनिवासी राजस्थानी (एनआरआर) समुदाय के सम्मानित सदस्य आगामी 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को सफल बनाने की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रवासी राजस्थानी समुदाय की व्यावसायिक कौशल और कारोबारी क्षमताओं का दुनिया भर में सम्मान किया जाता है। मैं इस समुदाय के लोगों और उद्यमियों से आग्रह करता हूं कि वे अपने मूल राज्य राजस्थान के साथ फिर से जुड़े और प्रदेश की समृद्धि एवं आर्थिक पुनरुत्थान की यात्रा का हिस्सा बनें।" सीएम शर्मा शनिवार को प्रवासी राजस्थानी और मारवाड़ी समुदाय को राजस्थान से जोड़ने के अभियान के तहत रांची में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' प्रवासी और औद्योगिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रवासी राजस्थानी और मारवाड़ी समुदाय के नेताओं और व्यापारिक जगत के लोगों से मुलाकात की और उन्हें राजस्थान में कारोबार करने व अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया।




### शर्मा के प्रयासों पर गर्व: रक्षा राज्यमंत्री

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा, "मुझे मारवाड़ी और एनआरआर समुदाय के प्रति राजस्थान के मुख्यमंत्री के प्रयासों को देखकर गर्व हो रहा है। समिट से पहले राजस्थान सरकार द्वारा की गई गहन तैयारियों की चर्चा दूर-दूर तक फैल रही है। मैं झारखंड के व्यवसायिक समुदाय के सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे राजस्थान को एक संभावित और सबसे अधिक व्यापार-अनुकूल क्षेत्र के रूप में देखें और यहां निवेश करने की ओर बढ़ें।"

### शर्मा का स्वागत

झारखंड पहुंचने पर मुख्यमंत्री शर्मा और राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत झारखंड के प्रवासी राजस्थानी और मारवाड़ी समुदाय के नेताओं ने रांची हवाई अड्डे पर किया। पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, विधायक समरी लाल, भाजपा के प्रवासी प्रकोष्ठ (राजस्थान) के संयोजक कुमार, स्कूल शिक्षा के शासन सचिव कृष्ण कुणाल, सीएम के विशिष्ट सचिव संदेश नायक, सीएम के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ सिहाग, रांची के उप विकास आयुक्त दिनेश यादव एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**इच्छित स्थान पर पोस्टिंग की चाहत...**

# कई आईपीएस अधिकारी नहीं कर रहे जॉइन

शिवेंद्र सिंह परमार | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में सरकार बदलने के बाद बीते रविवार को पहली बार आईपीएस अफसरों की बड़ी ट्रांसफर लिस्ट जारी की गई। पूरे प्रदेश में 20 आईएएस और 58 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया। सरकार ने इस सूची में 14 जिलों के एसपी बदल दिए। इन तबादलों के बाद कुछ आईपीएस अधिकारी इच्छित स्थान के लिए फिर से ट्रांसफर करवाने की जुगत में जुटे हैं। इनमें से कुछ के कारण व्यक्तिगत हैं तो कुछ अधिकारी अच्छी पोस्टिंग के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। ऐसे कई पुलिस अधिकारी हैं, जिन्होंने तबादला होने के एक सप्ताह बाद भी ड्यूटी जॉइन नहीं की है। इनमें कोटपूतली-बहरोड़ में एसपी लगाए गए राजन दुष्यंत ने अभी तक जॉइन नहीं किया है। इसी तरह बालोतरा में एसपी लगाए गए हरिशंकर ने भी अभी तक जिम्मेदारी नहीं संभाली है। ऐसे ही जयपुर कमिश्नरेट में तबादले के बाद भी देवेंद्र बिश्नोई ने अभी तक चार्ज नहीं लिया। वहीं, जोधपुर ग्रामीण में एसपी लगाए गए राममूर्ति जोशी भी दोबारा तबादला कराने की मशक्कत कर रहे हैं।

**यूएनजीए की बैठक**

# यूएन में भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा, कहा- शरीफ का भाषण हास्यास्पद

- पाक पीएम ने अपने भाषण में उठाया था जम्मू कश्मीर का मुद्दा
- कहा था- भारत को अनुच्छेद 370 संबंधी फैसले को पलटना चाहिए
- भारतीय राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने कहा-पाक हो चुका विश्व में बदनाम

एजेंसी | न्यूयॉर्क/ नई दिल्ली

भारत ने यूएन में पाकिस्तान को जोरदार फटकार लगाई है। दरअसल, पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि नई दिल्ली को अनुच्छेद 370 को खत्म करने के फैसले को पलटना चाहिए। भारत ने इसका करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान के बयान को हास्यास्पद बताया। भारतीय राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने यूएनजीए में बोलते हुए कहा, इस सभा ने दुर्भाग्य से एक हास्यास्पद घटना देखी, आतंकवाद, ड्रग्स के व्यापार, अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए वैश्विक रूप से बदनाम और सेना द्वारा संचालित एक देश ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया।




### पाक के लिए आतंकवाद बना हथियार

भारतीय राजनयिक ने कहा, जैसा कि दुनिया जानती है, पाकिस्तान ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है, इसने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजारों और तीर्थयात्रा मार्गों पर हमला किया। यह लिस्ट बहुत लंबी है, ऐसे देश के लिए कहीं भी हिंसा के बारे में बात करना पाखंड है। उन्होंने पाकिस्तान को बांग्लादेश में हाल ही में हुए नरसंहार की याद दिलाते हुए कहा कि यह पाक का ही किया धरा था।

### जम्मू-कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग

मंगलनंदन ने कहा, यह और भी असाधारण है कि एक देश जिसका इतिहास धांधली वाले चुनावों का रह है, वह लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करता है, सच्चाई यह है कि पाकिस्तान हमारे क्षेत्र को लालच भरी निगाह से देखता है। उसने जम्मू और कश्मीर में चुनावों को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया है, जो भारत का एक अभिन्न अंग है भारतीय राजनयिक ने कहा, एक राष्ट्र जिसने 1960-71 में नरसंहार किया और जो अपने अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार करता है, वह अब भी, असहिष्णुता और भय के बारे में बोलने की हिम्मत रखता है।

### यह वही देश है, जिसने लादेन को दी थी पनाह

मंगलनंदन ने कहा, "हम एक ऐसे देश के बारे में बात कर रहे हैं, जिसने लंबे समय तक ओसामा बिन लादेन को पनाह दी, एक ऐसा देश जिसका संबंध दुनिया भर में कई आतंकवादी घटनाओं से रहा है। हम जानते हैं कि पाकिस्तान झूठ को और अधिक दोहराकर सच्चाई का मुकाबला करने की कोशिश करेगा। इससे कुछ भी नहीं बदलेगा। हमारा रुख स्पष्ट है और इसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है।




# सीखने की नहीं होती कोई उम्र: इस्सर

**KeyNote by Pawan Arora में फिल्म निर्माता, एक्टर, निर्देशक पुनीत इस्सर से CEO एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा के सीधे और सटीक सवाल...**




फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल के कार्यालय में पवन अरोड़ा के सवालों का जवाब देते पुनीत इस्सर।

**Q पुनीत इस्सर साहब, आप जो अपना जयपुर में लाइव LIVE प्ले लेकर आए हैं, जिसका नाम है 'जय श्री राम-रामायण'...इसके बारे में कुछ बताइए**

**A** मैंने स्कूल के दिनों से शुरुआत की थी, उसके बाद काम शुरू हुआ। मैंने कभी प्रोफेशनल थियेटर नहीं किया। 2015 में दिल्ली की थियेटर कंपनी ने मुझसे बात की। उन्होंने एक प्ले में काम करने की बात कही तो कहा कि मैंने कभी थियेटर नहीं किया। उस वक्त मैं बिग बॉस से बाहर आया था, फिर डायरेक्टर ने मुझसे कहा कि हम रावण पर प्ले बना रहे हैं। इसके बाद मैंने उनसे कहा कि मैंने भी रावण के बारे में काफी कुछ पढ़ा है, जिसके बाद हमने इस पर काम किया। इसका नाम था 'रावण की रामायण'। ये भी अलग था, जिसमें रावण का दृष्टिकोण था, फिर स्क्रिप्ट पर काम किया। पहली बार गया तो वहां कई थियेटर के आर्टिस्ट थे, मैं तैयार था नहीं, क्योंकि फिल्मों में तो ब्रेक कट होते हैं, वहीं थियेटर में कंटीन्यूटी होती है।

**Q आपको क्या लगता है कि थियेटर करना फिल्मों से आसान है ?**

**A** मुझे पहले लगता था कि थियेटर डिफिक्ल्ट है, लेकिन जब तक आपको लाइनें कंठस्थ नहीं होंगी, तब तक डिफिक्ल्ट है। एक बार हो जाए तो मुझे तो लगता है कि आसान है। जब लाइव में हजारों ऑडिएंस बैठी होती है तो आपको डिस्ट्रेक्शन होता है। उस वक्त आपको एकाग्र होना चाहिए। जब आप शूटिंग करते हैं तो एक कंट्रोल्ड वातावरण होता है। अगर आप अच्छा परफोर्मेंस करते हैं तो तालियां मिलेंगी, अच्छा नहीं करेंगे तो रिएक्शन मिलेगा। उसके बाद मैंने प्ले बनाया महाभारत का, दुर्योधन के दृष्टिकोण से बनाया। एक सौ शो कर चुका हूं, रावण की रामायण को रावण के दृष्टिकोण से बनाया था। फिर हमने सोचा कि प्रभु श्री राम का पक्ष रखना जरूरी है, क्योंकि वो हमारे महानायक हैं तो फिर हमने लिखना शुरू किया, इसलिए ये प्ले बना 'जय श्री राम-रामायण'। ये पूरी रामायण हम पौने 3 घंटों में अभिव्यक्त करेंगे, इसके पूरे संवाद मैंने लिखे हैं। 13 गाने हैं, ये एक नॉर्मल थियेटर नहीं है, ये पूरा शो है। अभी हमने इसे अमेरिका में भी परफॉर्म किया, वहां के लोग मंत्रमुग्ध हो गए, वहां पर हजारों की संख्या में लोग थे।

**Q कितना बड़ा क्रू लेकर चलते हैं आप इसके लिए, बड़ा मुश्किल होता होगा प्रोडक्शन इसका?**

**A** हां मुश्किल तो है। मेरे 29 तो कैरेक्टर हैं और 23 कलाकार हैं तो 29 कैरेक्टर्स प्ले करते हैं। बॉलीवुड के 12 से 16 डांसर्स ट्रैवल करते हैं। उसके अलावा मेरे एचओडी हैं और टेक्निकल स्टाफ 25 का है। कुल मिलाकर करीब 60 के आस-पास का स्टाफ है, जहां भी हम जाते हैं, तो वहां का लोकल टैलेंट शामिल करते हैं। 50 के आस-पास कत्थक डांसर्स होती हैं, तो करीब 120 के आस-पास का ग्रुप बन जाता है। आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि इतने भारी-भरकम शो करना बड़ा मुश्किल है। जब तक हमें कोई सहयोग न दे, इसके लिए मैं आपके फर्स्ट इंडिया का धन्यवाद देना चाहता हूं। आपका धन्यवाद देना चाहूंगा, छोटे भाई ऋषि मिग्लानी का धन्यवाद देना चाहूंगा, क्योंकि आपके समर्थन के बिना मैं जयपुर में शो नहीं कर सकता था।

**Q आपको ये लगता होगा कि फिल्मों में कितना आसान है, सेट पर जाएं मेकअप कराएं और अपना रोल करें। यहां पूरा का पूरा प्रोडक्शन हाउस आपको साथ लेकर चलना पड़ता है इसके लिए इतना पैशन कैसे, क्योंकि आप तो कह रहे हैं कि 2015 से ही आप इसमें आए तो उसके बाद इसमें इतना पैशन कैसे डवलप हो गया?**

**A** मैं समझता हूं कि इंसान के सीखने को कोई उम्र नहीं है आप हर दिन सीखते हैं। मेरा हमेशा ये रहा है कि क्यों ना हमेशा नया किया जाए। मैंने फिल्में डायरेक्ट की हैं, मैंने टेलीविजन सीरीज डायरेक्ट किए हैं। 'जय माता की' हेमा मालिनी के साथ बनाया था। फिर मैंने 'गर्व' फिल्म बनाई, सलमान खान के साथ जो सुपर हिट रही। उसे भी मैंने लिखा, उसका निर्देशन किया, फिर मैंने थियेटर किया।

**Q इस प्ले में आप रावण का रोल कर रहे हैं, पहले आप दुर्योधन के रोल से फेमस हुए। आपने करीब 150 फिल्मों में विलेन का रोल किया, तो ये आपकी कद काठी की वजह से आपको विलेन का रोल मिलता है या फिर आपकी इच्छा भी है कि मैं विलेन का रोल करूं?**

**A** क्या होता है कि जब मुझे महाभारत के लिए चोपड़ा साहब ने बुलाया था तो उन्होंने कद-काठी देकर कहा कि ये भीम परफेक्ट है, लंबा चौड़ा है, इसको भीम बना दो। मैंने महाभारत को पढ़ा हुआ था, तो मैंने विनम्र होकर कहा कि मैं दुर्योधन के पात्र का ऑडिशन देने आया हूं उन्होंने कहा कि भाई हम तुमको हीरो बनाना चाहते हैं और तुम विलेन बनना चाहते हो तो मैंने उनसे कहा कि मैंने महाभारत को पढ़ा है, फिर उन्होंने कहा कि ठीक है ऑडिशन करो, फिर मैंने उनको मैथलीशरण गुप्त का महाकाव्य सुनाया, उसके बाद भी मैंने दुर्योधन का कैरेक्टर किया



फर्स्ट इंडिया कार्यालय में पवन अरोड़ा पुनीत इस्सर का स्वागत करते हुए साथ में हैं (बाएं से दाएं) हेमंत शर्मा, जिनेंद्र सिंह शेखावत और के.के. मिश्रा।

**Q आपको क्या लगता है कि आपका भविष्य थियेटर में ही है और आपके बेटे सिद्धांत ने भी आपको ज्वॉइन कर लिया है ?**

**A** नहीं, मैं फिल्म भी कर रहा हूं, हाल ही में मैंने 'द कश्मीर फाइल्स' मूवी की है। अभी मैं 'वेलकम टू द जंगल' कर रहा हूं, दिल्ली फाइल्स कर रहा हूं। मेरा एक धारावाहिक 'वंशज' सुपरहिट चल रहा है, मैं समझता हूं कि भविष्य की कोई सीमा नहीं है। थियेटर करता हूं, फिल्म करता हूं, मेरे सुपुत्र सिद्धांत जो हैं उन्होंने शुरुआत थियेटर से की है, महाभारत में उन्होंने जूनियर दुर्योधन का किरदार निभाया था। तकरीबन 50-60 शो में उन्होंने जूनियर दुर्योधन का किरदार निभाया, फिर उसके बाद सिद्धांत ने 'कृष्णा' का किरदार निभाया। फिर मैंने उनसे राम का किरदार करवाया, वो बहुत डिफिकल्ट था। उनके पात्र की गरिमा है, क्योंकि प्रभु राम क्षत्रिय थे, उनको भी गुस्सा आया था। सीताहरण के वक्त प्रभु राम रोये भी हैं, ये सब डेप्थ भगवान राम की आपको हमारे प्ले में देखने को मिलेगी।

**Q आप खुद इसमें रावण का रोल कर रहे हैं। आपके पुत्र इसमें राम का रोल कर रहे हैं। हनुमान का रोल कौन कर रहा है? बाकी खास रोल कौन-कौन कर रहे हैं?**

**A** इसमें बिंदु दारा सिंह हैं, जो लेजेंड्री दारा सिंह के पुत्र हैं, हनुमान का रोल कर रहे हैं, वहीं शिल्पा रायजादा हैं जो सीता का रोल कर रही हैं। राजीव सुरती हैं जो मुंबई के कोरियोग्राफर हैं, वो शिव का किरदार कर रहे हैं। उनका शानदार शिव तांडव का नृत्य भी है, जो हमारे प्ले में है, साथ ही लाइव म्यूजिक है। एक कथक की विदुषी हैं रुचि शर्मा जी, वो कोरियोग्राफर हैं। पायल गोगा कपूर हैं, जो इसमें शूर्पणखा की भूमिका कर रहीं हैं। आपको इसमें बेहतरीन टैलेंट देखने को मिलेगा, इसमें गाने भी हैं, पौने तीन घंटे मजा आ जाएगा। हमारे प्ले की USP है, इस प्ले के अंत में महाआरती, वो रिकॉर्डेड है। हमने जहां भी किया, वहां अलौकिक वातावरण बन जाता है।

**Q मैंने आपकी महाभारत भी देखी है, उसमें लग ही नहीं रहा था कि मैं लाइव देख रहा हूं, ऐसा लगा कि ये कोई बड़े फिल्मी पर्दे पर चल रहा है तो इतना Perfection लाने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती होगी आपको ?**

**A** उसके लिए हमने करीब एक साल तक रिहर्सल्स की। 9 महीने हमने सिर्फ एक्टर्स के साथ रिहर्सल्स की। उसके बाद हमने साउंड, म्यूजिक रिकॉर्ड्स किए। लाइव बैक ग्राउंड म्यूजिक भी प्ले करते हैं। जैसा कैरेक्टर होता है, वैसा म्यूजिक होता है, हमने लाइट्स का इस्तेमाल किया। आप देखेंगे तो एक पार्ट आता है, जिसमें रावण गर्दन काटता है तो उसका गर्दन का गिरना वो ऐसा टाइम कि आपको लगेगा कि ये एकदम रियल है ।

**Q आपने महाभारत को पढ़ा, रामायण को भी अब आपको नजदीक से जानने-देखने को मिला तो ये जो दो पात्र हैं, वहां दुर्योधन और यहां रावण, तो ये दोनों माइथोलॉजी के पात्र मैं मानता हूं। इन दोनों में आपको क्या समानता लगती है ? आप इन दोनों को कैसे रिलेट करते हैं ?**

**A** दुर्योधन का जो पात्र है, वो बहुत ही हठी बालक था, जब उसको कहा गया अंधे का पुत्र अंधा, जिस पर उसको गुस्सा आया था, वो मैत्र भक्ति में भी अंधा था, दुश्मनी में भी अंधा था। अगर वो अश्वत्थामा को सेनापति बनाता तो वो युद्ध जीत जाता, लेकिन उसने अपने मित्र कर्ण को सेनापति बनाया। कुल मिलाकर एक अभिनेता के तौर पर मुझे जो अलग लगा वो दुर्योधन था, वो एक जिद्दी बालक था, वहीं जहां रावण की बात है तो वो बहुत विद्वान, बहुत बुद्धिमान था। उसने ज्योतिष पर किताब लिखी। रुद्रवीणा का अविष्कार किया। उन्होंने चौसर की गेम का भी अविष्कार किया और वो इसे अपनी पत्नी के साथ खेलता था। सबसे इंटरेस्टिंग चीज ये है कि मंदोदरी रावण से कभी हारी नहीं। आप प्ले में देखेंगे कि वो शिव की पूजा कर रहे थे, उन्हें कुछ चाहिए था, इस बीच देवगणों को लगा कि ये तो ब्रह्मा से नाभी में अमृत पा चुका है। इनसे चंद्रहास ले चुका है, इस तरह तो ये पूरी पृथ्वी पलट देगा, तब देवताओं ने सोचा कि पूर्णाहुति के लिए इसका नारियल गायब कर दिया जाए और जब पूर्णाहुति का वक्त आया तो नारियल नहीं था तो उसने नारियल की जगह अपनी गर्दन काटकर चढ़ा दी, तो ये है रावण। रावण की पूजा से शिव प्रसन्न हुए, तब उन्हें 10 सिर का वरदान दिया। ये सब आपको प्ले में देखने को मिलेगा।

**Q ऐसा ही एक है कि द्रौपदी और सीता माता को आप कैसे देखते हैं ?**

**A** द्रौपदी जो थी, वो बहुत महत्वकांक्षी थीं, तभी तो महाभारत हुई वहीं, माता सीता जो थीं, वो बहुत ही समझदार थीं और काफी शक्तिशाली थीं, वो भी आपको प्ले में देखने को मिलेगा।

**Q आप फिटनेस आइकन भी हैं, तो ऐसे में आप युवाओं को क्या फिटनेस मंत्र देंगे ?**

**Q** हमारे हिंदुस्तान का जो यूथ है, उनको कहूंगा कि एक्सरसाइज करना जरूरी है। हमारे देश में एक गलत धारणा है कि जवानी में ही इंसान को एक्सरसाइज करनी चाहिए, महिला हो या पुरुष, जबकि चालीस साल के बाद तो जरूरी है, 50 साल तो बेहद जरूरी है, 60 साल के बाद तो आपको व्यायाम करना ही है आपके लिए वेट ट्रेनिंग बहुत जरूरी है, योग भी जरूरी है। मैं तो कहता हूं कि घर में डंबल रखने चाहिए। मैं 66 साल का हूं, 3 घंटे रोजाना एक्सरसाइज करता हूं। डाइट में वेजिटेरियन हिंदुस्तानी खाना ही पसंद करता हूं, रोटी, सब्जी, दाल, दही, फ्रूट खाता हूं, आप ज्यादा तेल, घी खाएंगे और एक्सरसाइज कम करेंगे तो कैसे चलेगा ? सांसों की तरह ही आपको व्यायाम भी जरूरी है।

**Q आपने इतने रोल किए हैं, ऐसा कोई रोल जो आपके नजदीक हो, जिसको करना बाकी हो, मुझे राजस्थान के संदर्भ में महाराणा प्रताप का रोल आपके लिए सूट करता है, ऐसा लगता है कि आप बने ही उसके लिए हैं?**

**A** वो मेरे युग पुरुष हैं, महाराणा प्रताप शानदार पात्र हैं। ईश्वर मुझे शक्ति दे कि मैं उस पर काम करूं। छत्रपति शिवाजी हैं, गुरु गोविंद सिंह जी हैं, बंदा सिंह बहादुर हैं, इसी बहाने हमारी जो धरोहर है, उसे हम लोगों तक पहुंचाएं।

**Q आपसे बात हो और कुली पिक्चर की बात न हो ऐसा कैसे हो सकता है ? आपके साथ सीन की वजह से कुली पिक्चर में अमिताभ बच्चन को एक बुरे दौर से गुजरना पड़ा, हुआ क्या था ?**

**A** वो गलती से लग गया था, हम एक एक्शन सीन कर रहे थे। उसमें कुछ मुक्के वो मुझे मारते हैं और कुछ मैं उन्हें मारता हूं। उसी सीन में मैं उन्हे बोर्ड की तरफ फेंकता हूं, वहीं पर उनको रुकना था, मुझे उनके पेट पर मुक्के से टच करना था, लेकिन वो वहीं पर रुकने की जगह वापस आ गए, जिसके चलते मुक्का टच होने की बजाय जोर से उनके पेट पर से लग गया।

**Q आप धार्मिक परिवेश में हैं, हाल ही देश में राम मंदिर बना है तो आज के परिवेश में आप क्या देखते हैं कि रावण प्रवृत्ति ज्यादा चल रही है? या अब फिर ऐसा कहते हैं कि राम को आना पड़ेगा, इस पर आपकी क्या सोच है ?**

**A** हमारे प्ले में एक राम शपथ है, मैं समझता हूं कि वो अपने आप में एक कंप्लीट प्ले है, जितने भी नारायण अवतार हुए, सबने अपनी प्रभुता का उपयोग किया, कृष्ण ने भी किया, नृसिंह भगवान ने भी किया, लेकिन भगवान राम ने नहीं किया। वो मनुष्य बनकर आए और उन्होंने लोगों को उदाहरण दिया कि आप संघर्ष करें, ये रामायण की खूबसूरत बात है।

**Q क्या कभी राजनीति में जाने की महत्वाकांक्षा रही है ?**

**A** महत्वाकांक्षा तो नहीं है, पर हमारे लिए देश प्रथम है, मुझे भारतीय होने पर गर्व है। देश के लिए जो हम कर सकते हैं, वो जरूर करेंगे। मैं कलाकार हूं जो मेरे माध्यम से हो सकता है वो करेंगे, हमें देश पर गर्व होना चाहिए।

---

**देवघर में परिवर्तन यात्रा को सीएम ने किया संबोधित**

## 'कांग्रेस-झामुमो ने जनता के पैसे को पानी की तरह बहाया'



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठबंधन वाली सरकार ने भ्रष्टाचार करते हुए जनता के पैसे को पानी की तरह बहाया है।

इस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस और इसके सहयोगी दल यहां के आदिवासी समुदाय को जातिगत आधार पर भड़काने के लिए रणनीति बना रहे हैं। मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को झारखंड के देवघर में आयोजित परिवर्तन यात्रा जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जातिवाद, वंशवाद और तुष्टीकरण की राजनीति की है। जबकि भारतीय जनता पार्टी अपने सामान्य कार्यकर्ता को भी आगे बढ़ने का मौका देती है। हमारी पार्टी हर व्यक्ति और हर समाज की पार्टी है। शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में आया सुखद परिवर्तन हम सब ने देखा है। पहले देश आतंकवाद और नक्सलवाद से जूझ रहा था। मगर आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया हो गया है।

### वैद्यनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना



इससे पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने देवघर में वैद्यनाथ मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली कामना की। उन्होंने कहा कि देवघर देवताओं का घर है इसलिए यह भूमि बहुत पवित्र है और यहां दर्शन करना सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## सीमावर्ती क्षेत्रों से पलायन चिंता का विषय: दत्तात्रेय

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने में सीमा पर संगठित एवं समरस समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन परंतु चिंता का विषय है कि कमाई, दवाई और पढ़ाई के लिए लोग सीमा से शहरों की तरफ पलायन कर रहे हैं। दत्तात्रेय ने शनिवार को जैसलमेर में सीमाजन कल्याण समिति की प्रांत बैठक में छह जिलों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जरूरी है कि शासन-प्रशासन जन कल्याण को प्राथमिकता दें। उन्होंने सीमाजन कल्याण समिति के कार्यक्रमों, संगठन विस्तार के लिए शक्ति केंद्रों का गठन, ग्राम समितियों के निर्माण के साथ कार्यकर्ताओं के सुदृढ़ नेटवर्क स्थापित करने जैसे कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सीमा पर अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों से निपटने में हमारी पुलिस एवं सेना सक्षम है, लेकिन स्थानीय नागरिक एवं समाज को भी जागरूक रहने की आवश्यकता है।

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अलवर में बोले...**

## विकास से जीतेंगे उपचुनाव: राठौड़

बेधड़क | जयपुर

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ शनिवार को अलवर के दौरे पर रहे। यहां मीडियाकर्मियों से मुखातिब हुए राठौड़ ने कहा कि पार्टी प्रदेश में रामगढ़ सहित अन्य सीटों पर उपचुनाव सहानुभूति की लहर पर नहीं, बल्कि डबल इंजन की सरकार के काम और विकास के नाम पर लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव में एक व्यक्ति कुछ नहीं करता, परीक्षा पूरी पार्टी की होती है। पार्टी में सामूहिक निर्णय होता है, एक व्यक्ति का तो केवल प्रस्तुतिकरण रहता है।



भाजपा की जिला समन्वयक बैठक में शामिल होने के लिए अलवर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चुनाव तो चुनाव होता है। इसे सब मिलकर लड़ेंगे। राठौड़ ने कहा कि पार्टी रामगढ़ सहित प्रदेश की सभी 7 सीटों पर उपचुनाव दमदारी से लड़ेगी। दावेदारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी प्रदेश में उपचुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। जैसे ही चुनाव आयोग की ओर से उपचुनाव की अधिसूचना जारी होगी, चुनाव लड़ने वाले दावेदारों के नाम सामने आएंगे।

**राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष बोले-संगठन को करें मजबूत**

## दिल्ली चुनाव को लेकर रणथंभौर में BJP का महामंथन

बेधड़क | जयपुर

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष दिल्ली चुनाव को लेकर रणथंभौर में आयोजित होने वाली दो दिवसीय महामंथन बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार को सवाई माधोपुर पहुंचे। इस दौरान वे सबसे पहले प्रदेश भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित बैठक में शामिल हुए और पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, पूर्व सांसद जसकौर मीणा, सदस्यता अभियान के संयोजक दीनदयाल अग्रवाल, जिला संगठन प्रभारी प्रणवेंद्र शर्मा सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




इस अवसर पर बीएल संतोष ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान संगठन के लिए रीढ़ की हड्डी है, जिसे मजबूत करना हर पार्टी कार्यकर्ता का दायित्व है। छोटे से लेकर बड़े तबके के प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी दी गई है और वो इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएं और जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर बूथ और पन्ना प्रमुख तक अपने काम ईमानदारी से कर अधिक से अधिक सदस्य बनाए।

### 2 दिवसीय बैठक में तय होगी रणनीति

दिल्ली में अगले साल विधानसभा चुनाव होना है। इसकी दलगत तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। साथ ही भाजपा भी दिल्ली में अपना सियासी वनवास खत्म करना चाहती है। लिहाजा पार्टी चुनाव संबंधी रणनीति पर मंथन कर रही है। बैठक में दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र सचदेव, बांसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत, प्रवीण खंडेलवाल समेत भाजपा के पदाधिकारी शामिल हुए।

## जरूरी खबर

### अधिकारियों और कर्मियों ने की ऑफिसों में सफाई



**जयपुर।** जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिले के राजकीय कार्यालयों में शनिवार को अवकाश के दिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हाथ में झाड़ू एवं कपड़ा लिया और अपने कार्यालयों की सफाई की। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर स्वछता ही सेवा अभियान के तहत शनिवार को जिले के सभी उपखंड अधिकारी कार्यालय से लेकर पंचायत कार्यालय तक साफ-सफाई की गई। कर्मचारियों के साथ अधिकारियों ने भी हाथ में झाड़ू और कपड़ा थाम कर कार्यालय की सफाई की। सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित सभी विभागों के कार्यालयों में साफ-सफाई की गई। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वछता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पहल से जिले के राजकीय कार्यालयों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में मदद मिलेगी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से किशोर-युवती की मौत

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में एक सरिए से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने शनिवार सुबह बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार किशोर-युवती की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि हादसे में बालाजी विहार वाटिका निवासी ओम प्रकाश और मोना शर्मा (24) की मौत हो गई। दोनों मृतक एक ही कॉलोनी में रहते थे। सुबह करीब 8:30 बजे ओमप्रकाश बाइक से मोना को इंडिया गेट स्थित कॉलेज छोड़ने जा रहा था। मोना कॉलेज में बीएड की छात्रा थी। इसी दौरान वाटिका रोड पर मीणा चौक पर सरिए से भरे ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गए।

**फर्स्ट इंडिया स्टिंग ऑपरेशन: गाइडलाइंस का उल्लंघन कर रातभर बेची जा रही शराब**

# 8 बजे बाद खुलता है चोर दरवाजा, ज्यादा दाम में बेच रहे जाम

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में रात के अंधेरे में अवैध शराब का धंधा खुलेआम फल-फूल रहा है। फर्स्ट इंडिया न्यूज के स्टिंग ऑपरेशन में इस बात का खुलासा हुआ है कि लाइसेंसी शराब की दुकानों से तयशुदा समय के बाद भी चोरी-छिपे शराब बेची जा रही है। आबकारी विभाग ने सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक शराब बेचने की गाइडलाइंस जारी की हुई हैं, लेकिन इन निर्देशों का उल्लंघन कर रातभर शराब की बिक्री जारी रहती है। स्टिंग ऑपरेशन में यह सामने आया है कि दुकानदार रात 8 बजे के बाद शराब की कीमतों में बढ़ोतरी कर मनमानी कीमत वसूल रहे हैं। जहां रात 8 बजे तक शराब की कीमत 160 रुपए रहती है, वहीं 8 बजे के बाद यह 180 रुपए हो जाती है। रात 11 बजे के बाद यह कीमत बढ़कर 200 रुपए तक पहुंच जाती है। इस तरह, दुकानदार गैरकानूनी तरीके से अधिक मुनाफा कमा रहे हैं, और जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।



### हरियाणा से अवैध शराब की सप्लाई

स्टिंग ऑपरेशन में यह भी खुलासा हुआ है कि हरियाणा से आने वाली अवैध शराब की सप्लाई पर रोक लगाने की कोशिशें नाकाम हो रही हैं। इस सप्लाई के चलते न सिर्फ अवैध शराब बिक्री बढ़ रही है, बल्कि राज्य की सुरक्षा और आर्थिक स्थिति पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

### आपराधिक घटनाओं में इजाफा

रात के समय शराब की अवैध बिक्री से अपराध की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। शराब के नशे में लोग आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं, जिससे शहर की कानून-व्यवस्था पर बुरा असर पड़ता है। स्थानीय लोग इस मुद्दे पर कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता है।

### राज्य के राजस्व को नुकसान

इस अवैध बिक्री का सीधा असर राज्य के राजस्व पर पड़ रहा है, क्योंकि सरकार को इससे कोई लाभ नहीं मिल रहा है। शराब की बिक्री से मिलने वाले टैक्स से राज्य के विकास कार्यों में योगदान होता है, लेकिन अवैध तरीके से शराब बेचकर दुकानदार राज्य को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### प्रशासन की अनदेखी

प्रशासन की अनदेखी और दुकानदारों की मनमानी के कारण यह अवैध धंधा पनप रहा है। इससे राज्य की कानून व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा खतरे में है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब इस गंभीर मुद्दे पर सख्त कदम उठाएगा और अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए क्या कार्रवाई करेगा।

**सरकार के 9 माह के कार्यकाल पर मांगा जवाब, डोटासरा का आरोप**

# तबादलों के लिए अधिकारियों ने गलत काउंटर पर पर्ची लगाई

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार के 9 माह का कार्यकाल पूरा होने और सरकार के कामकाज को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोंविद सिंह डोटासरा ने निशाने पर लेते हुए सरकार को 9 उप्लब्धियां बताने के लिए कहा। वहीं, डोटासरा अपने जन्मदिन पर 1 अक्टूबर को सरकार के 9 माह के कार्यकाल की 9 विफलताओं का ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सौंपने की तैयारी में हैं ।

डोटासरा ने प्रेस से रूबरू होते हुए कहा कि भाजपा सरकार को वादे याद दिलाने के लिए विफलताओं को समय रहते ठीक करें। इसके लिए हमने 9 पॉइंट प्रदेश कांग्रेस का मीटिंग तैयार किए हैं, वह जिले और ब्लैक के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिलाएंगे। डोटासरा ने कहा कि सरकार यह फेल है और किसी भी पर को यह कोई लाभ नहीं दे पाई है। सरकार के कामकाज को गति नहीं मिलने के मामले और अधिकारियों के तबादलों को लेकर डोटासरा ने कहा कि सरकार ने ब्यूरोक्रेसी को फुटबॉल बनाकर छोड़ दिया। ऐसा लगता है गलत काउंटर पर कटवा ली। तब गलत हो गया जब सही काउंटर पर पर्ची लगाई है, फिर पता लगता है यह काउंटर भी ठीक नहीं था। ऐसे में कैसे गुड गवर्नेंस दे पाओगे। डोटासरा ने कहा कि मंत्रियों के एस ए लगाए तब इंटरव्यू लिया था ओर कहा था कि 360 डिग्री का परीक्षण करके अधिकारियों को लगा रहे हैं। अब उसको फेल किसने किया 7 - 8 तो मंत्रियों के एस ए ही बदल गए। बाबू रात को रिलीज होते हैं दूसरे दिन ऑर्डर निरस्त हो जाता है। ऐसी हालत पिछले 70 सालों में नहीं देखे किसी ने।

## डोटासरा ने विधायक बालमुकुंदाचार्य को बताया चवन्नी छाप

### डिप्टी सीएम के बेटे मामले में डोटासरा ने साधा निशाना

डिप्टी सीएम के बेटे के मामले में डोटासरा ने निशाना साधते हुए कहा कि 9 महीने से जो सरकार आई है तब दो ही चर्चा है तो ब्यूरोक्रेसी हावी है। मंत्री - मुख्यमंत्री और विधायकों के चल नहीं रही है और बेटों का घोषित शासन आ गया। जब भी क्रिकेट की बन रही है सारे नेताओं के बेटे क्रिकेट में भविष्य तलाश रहे हैं। किसी ने गिल्ली डंडे खेल नहीं होगा लेकिन क्रिकेट में भविष्य तलाश रहे हैं । डोटासरा ने कहा कि ऊंचाई डिप्टी सीएम बैरवा के आ रही है दूसरे नेताओं के भी आएगी।



### मदन दिलावर 5 सीटें भी जीत जाए तो बताना

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य पर डोटासरा ने निशाना साधते हुए कहा कि इसको बीजेपी और आरएसएस ने केवल बकवास करने के लिए छोड़ रखा है। बदतमीजी करो बकवास करो यही काम रहा है। मदन दिलावर को विभाग कोटा स्टोन चेक करने, राहुल गांधी के बारे में बकवास करने के लिए नहीं दिया। अगर मदन दिलावर पूरे 5 साल शिक्षा मंत्री रह गए और बीजेपी की पांच सीट भी आ जाए तो मुझे बता देना। वहीं बालमुकुंदाचार्य को लेकर कहा कि ऐसे लोग भी विधानसभा में पहुंच गए जो पद का ख्याल नहीं रखते। इस तरह की हरकतें नहीं करनी चाहिए जो चवन्नी छाप आदमी करता है। विधायक का अपना स्टेटस होता है पद की डिग्निटी मेंटेन करने के लिए व्यवहार करना पड़ेगा।

### हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आएगी

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा हरियाणा में एक तरफ चुनाव है । भाजपा के खिलाफ जाना क्रॉस है, केंद्र की सरकार ने झूठे वादे करके 10 साल बाद भी सरकार बना ली। नौजवान, दलित, पिछड़ा, किसान सभी वर्ग के लोग यह मन बना चुके हैं कि हरियाणा को इस डमी सरकार से मुक्त करना है इस पर्ची सरकारों से मुक्त करना है।

**जयपुर प्रांत कार्यकारिणी के चुनाव 19 को**

# भाकिस की जयपुर जिला कार्यकारिणी को सौंपी जिम्मेदारी



**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय किसान संघ की ज़िला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को जयपुर कार्यालय पर हुई । इसमें 19 अक्टूबर को जयपुर प्रांत कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर दायित्व सौंपे गए । संभाग प्रचार प्रमुख डॉ. लोकेश कुमार चन्देल ने बताया कि प्रांत महामंत्री सांवरमल सोलेट ने कहा है कि 19 अक्टूबर को मालवीय नगर के पाथेय भवन में प्रांत कार्यकारिणी के चुनाव होंगे ।इसमें जयपुर प्रांत के 18 ज़िलों से कार्यकर्ता भाग लेंगे ।

इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और जयपुर ज़िले व महानगर के कार्यकार्ताओ को दायित्व सौंपे गए। इससे पूर्व किसान संघ के जयपुर ज़िलाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा व मंत्री लक्ष्मीनारायण यादव ने जयपुर ज़िले की कार्यकारिणी के सदस्यों के दायित्व विभाजन करते हुए बताया कि जिला उपाध्यक्ष जगदीश गैना,बजरंग लाल शर्मा तिलपट्टी, सहमंत्री हरफूल निठारवाल, बनवारी स्वामी, संरक्षक तेजा राम सौंढ , युवा प्रमुख ओम प्रकाश लाम्बा,कोषाध्यक्ष भगवान बिजारणिया, गो सेवा प्रमुख रामेश्वर कुमावत , विद्युत प्रमुख बोदूराम निठालवाल,महिला प्रमुख यशोदा , विपणन प्रमुख गोपाल बाँगडा, सहकारिता प्रमुख गोपाल बुनकर , डेयरी प्रमुख यमुना दत्त शर्मा, जल संरक्षण मामराज चौधरी, जैविक प्रमुख कानाराम दादरवाल, शिक्षा प्रमुख हनुमान पीटीआई, प्रचार प्रमुख मुकेश शर्मा, राजस्व प्रमुख ओमप्रकाश , कार्यकारिणी सदस्य रामनिवास पंचोली को बनाया गया।इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष कालूराम बांगडा, बस्सी तहसील अध्यक्ष हरिनारायण शर्मा, मंत्री छाजूराम शर्मा, सह मंत्री सुनील शर्मा ,सुखबीर चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**आरटीआई एक्टिविस्ट ने लगाए आरोप**

# बिजली टेंडर में 600 करोड़ रुपए का घोटाला, चहेती फर्म को दिए ठेके

**बेधड़क** | जयपुर

आचार संहिता से ठीक पहले गहलोत सरकार ने चहेती फर्म को 600 करोड़ के ठेके की बंदर बाट की। इसके लिए सभी नियमों को ताक पर रखा गया। यहां तक की चहेती फर्म को टेंडर देने के लिए ऐसी शर्तें तय कर दी की एक ही कंपनी आवेदन कर सके। इसके लिए ऐसी चाल चली गई की दूसरी फॉर्म टेंडर ही नहीं डाल सके। ये आरोप आरटीआई एक्टिविस्ट अशोक पाठक ने मीडिया से बातचीत में लगाए। आरटीआई एक्टिविस्ट ने आरोप लगाया कि पूर्व राजस्थान सरकार में लगभग 600 करोड़ से अधिक का घोटाला किया गया।

तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश को नाथी का बाड़ा समझने वाले गोविन्द सिंह डोटासरा ने संयुक्त रूप से विधानसभा चुनावों की घोषणा से ठीक 15 दिन पहले विद्युत विभाग (जयपुर विद्युत वितरण निगम) में सारे नियमों को धता बताकर सरकारी खजाने पर डाका डाला गया। अशोक पाठक ने बताया-चुनाव के लिए करोड़ों का ब्लैक मनी जुटाने के लालच में मुख्यमंत्री गहलोत के निर्देश पर जयपुर डिस्कॉम के आला अधिकारियों ने सारे नियम ताक पर रखकर चहेती फर्म को ठेके देने के लिए सारे हथकण्डे अपनाए। इतने बड़े ठेके में प्री बिड मीटिंग नहीं रखी गई। कोई बड़ी कम्पनी भाग नहीं ले, इसलिए एक टैंडर के दो टैंडर कर दिए।

### रूप लेने लगा रावण...



फोटो: पंकज शर्मा

*जयपुर। दशहरे के आने में अभी 13 दिन बाकी हैं। चौदहवें दिन रावण दहन किया जाएगा। इस दिन जलाए जाने के लिए पुतले बनाने वाले जोर शोर से जुटे हुए हैं। रावण के पुतले आकार लेने लगे हैं। इन दिनों ये लोग शहर की विभिन्न सड़कों के किनारे पुतले बनाते नजर आ रहे हैं।*

**सड़कों पर उतरने की चेतावनी**

# CET में जनेऊ उतरवाई, ब्राह्मण समाज में आक्रोश

**बेधड़क** | जयपुर

समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) ग्रेजुएशन लेवल में जांच के दौरान एक स्टूडेंट की जनेऊ उतरवाने पर विवाद हो गया। विप्र फाउंडेशन ने इस मामले को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इस मामले में शनिवार को पीड़ित अभ्यर्थी ने कलेक्टर के नाम लेटर लिखकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बांसवाड़ा के तलवाड़ा के रहने वाले हरेन दवे का एग्जाम सेंटर जयपुर के टोंक फाटक स्थित महात्मा गांधी स्कूल में आया था। हरेन ने बताया-यहां दूसरी पारी में दोपहर 3 बजे परीक्षा केंद्र पहुंचा। यहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने जनेऊ उतारने के लिए कहा। इस पर विरोध किया। वह मुझे स्कूल के प्रिंसिपल के पास ले गए।



### प्रिंसिपल बोलीं बेवजह विवाद पैदा करना चाहते हैं

पुलिसकर्मी के बर्ताव को लेकर मैंने स्कूल प्रिंसिपल से भी शिकायत की। उन्हें बताया कि किसी भी परीक्षा में जनेऊ उतारने का प्रावधान नहीं है, लेकिन वह नहीं मानी। जब मैंने उनसे कहा कि आप जनेऊ उतारने के लिए मुझे लिखकर दे दीजिए। उन्होंने कहा कि आप बेवजह विवाद पैदा करना चाहते हैं। इसके बाद मैंने मजबूरी में जनेऊ उतारकर परीक्षा दी।

### किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

विप्र फाउंडेशन राजस्थान के प्यारेलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में ब्राह्मणों के साथ हुए व्यवहार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर सरकार ने जल्द से जल्द दोषी पुलिसकर्मी और स्कूल स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो ब्राह्मण समाज सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने कहा कि जनेऊ में किसी तरह का लॉकेट या कोई धातु होता है तो उतरना जरूरी होता है। इस मामले की जांच करवाई जाएगी। इसके साथ ही भविष्य में ऐसा न हो उसको लेकर भी कोई ठोस नीति बनाई जाएगी।

**राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ**

# प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में किया 514 बैंचों का गठन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में शनिवार को राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ के नए भवन में जस्टिस अनूप कुमार ढंढ ने तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। हाईकोर्ट जोधपुर मुख्यपीठ,जयपुर पीठ व प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में 514 बैंचों का गठन किया गया है। जिनमें 4 लाख 29 हजार 28 प्रकरण न्यायालयों में लम्बित और 5 लाख 67 हजार 025 प्री-लिटिगेशन सहित कुल 9 लाख 96 हजार 53 मुकदमों को सुनवाई के लिए चिह्नित किया गया है। लोक अदालत का उद्देश्य आमजन को सस्ता,सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। लोक अदालत के शुभारंभ कार्यक्रम में हाईकोर्ट जयपुर बैंच के सभी न्यायाधीश,सेवानिवृत्त न्यायाधीश,रजिस्ट्री के अधिकारी, हाईकोर्ट बार एसो. के पदाधिकारी,अधिवक्ताओं सहित रालसा के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे



## जरूरी खबर

### जल्द दौड़ेगी जोधपुर-आगरा के बीच वंदे भारत ट्रेन



**जयपुर।** अपनी शानदार यात्रा के लिए पहचान बना चुकी सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत अब जोधपुर से आगरा के लिए दौड़ेगी। हालांकि अभी तक इसका समय निर्धारित नहीं किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण के अनुसार अब जोधपुर से आगरा के लिए सफर करने वाले यात्रियों को भी वंदे भारत ट्रेन की सुविधा मिलने वाली है। जोधपुर से वाया जयपुर होकर आगरा के लिए जल्द वंदे भारत ट्रेन शुरू हो सकती है। जानकारी के अनुसार अभी जोधपुर से साबरमती के लिए चलने वाली वंदे भारत ट्रेन सप्ताह में 6 दिन की बजाय तीन दिन चलती है। इसी वंदे भारत ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन जोधपुर से आगरा के लिए वाया जयपुर होते हुए संचालित किया जाएगा। जोधपुर से जयपुर और आगरा के लिए सफर करने वाले यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा।

### संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले की बैठक कल

**सीकर।** सीकर संभाग में संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग सीकर राजेन्द्र कुमार चौधरी ने दी।

### ग्लोबल समिट का उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**सिरोही।** आबूरोड स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्थान के मुख्यालय शांतिवन में आयोजित चार दिवसीय ग्लोबल समिट का 4 अक्टूबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उद्घाटन करेंगी। एक दिन पहले राष्ट्रपति विशेष विमान से 3 अक्टूबर को शाम को शांतिवन पहुंचेंगी, जहां रात्रि विश्राम के बाद 4 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे ग्लोबल समिट का विधिवत शुभारंभ करेंगी। स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता विषय पर आयोजित इस समिट में देश-विदेश से अपने-अपने क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां भाग लेंगी। समिट के संयोजक व संस्थान के कार्यकारी सचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुख्यालय में ग्लोबल समिट आयोजित की जा रही है।

## प्रदेशभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन, पुराने प्रकरणों को निपटाकर न्यायाधीशों ने पेश की नजीर

# तलाक के लिए कोर्ट पहुंचे बुजुर्ग दंपती, राजीनामे से लौटे

बेधड़क | जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्रदेशभर में तीसरी लोक अदालत का आयोजन किया गया। हाईकोर्ट में करीब 40 हजार पेंडिंग मामलों की सुनवाई के लिए कुल 12 बैंच का गठन किया गया है।

वहीं लोक अदालत में एक खास मामला भी सामने आया। इसमें 60 साल से ज्यादा की उम्र के पति-पत्नी के तलाक के केस में राजीनामा करवाया गया। इस दौरान दंपती के बच्चे भी मौजूद रहे। इसके बाद हंसी-खुशी से दंपती कोर्ट से रवाना हुए। बता दें कि राजीनामा से मामलों के निपटारे के लिए हाईकोर्ट में 3 बैंच और सेशन कोर्ट में 9 बैंच बनाई गई। हाईकोर्ट में राजीनामा योग्य 2 हजार केस, सेशन कोर्ट में 39 हजार 629 मामले और प्री-लिटिगेशन 22 हजार 755 मामले सुलझाए जा रहे।



### 10 साल से पुराने केस भी लिए वापस

फैमिली कोर्ट के जस्टिस वरुण तलवार की बैंच 2 में परिवादियों ने 10 साल से चल रहे केस वापस लिए। राजीनामे योग्य 76 से अधिक मामलों का निस्तारण किया गया। इनमें एक एक मामले में फैमिली कोर्ट नंबर दो में इस साल मई महीने में एक बुजुर्ग दंपती ने मिचुअल तलाक का केस फाइल किया था। दंपती की उम्र 60 साल से ज्यादा है। मामले को लेकर लोक अदालत में समझाइश की गई। इस दौरान दोनों कपल के परिवार के सदस्य और उनके बच्चे भी कोर्ट पहुंचें। दोनों के बीच राजीनामा करवाया गया, जिसके बाद दोनों कोर्ट से साथ गए।

### हाईकोर्ट में 2 हजार केसों की हुई सुनवाई

हाईकोर्ट में न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष और सीनियर जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी के निर्देशन में 2 हजार से ज्यादा मामलों को चिह्नित किया। बैंच संख्या 1 में जस्टिस मदन गोपाल व्यास को अध्यक्ष एवं अधिवक्ता डॉ. प्रमिला आचार्य को सदस्य, बैंच संख्या 2 में जस्टिस कुलदीप माथुर को अध्यक्ष एवं अधिवक्ता डॉ. प्रतिष्ठा दवे को सदस्य, बैंच संख्या 3 में जस्टिस योगेन्द्र कुमार पुरोहित को अध्यक्ष एवं वकील सुमन अग्रवाल ने सदस्य के रूप में सुनवाई की।

### 9 बैंचों में सुलझाए गए मामले

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुखराज गहलोत के अनुसार 21 सितंबर तक कोर्ट में राजीनामे योग्य 39 हजार 629 केस व प्रिलिटिगेशन में कुल 22 हजार 755 केस चिह्नित किए गए। इसके लिए 9 बैंच में से 7 बैंच लंबित प्रकरणों और 1 बैंच में पारिवारिक कोर्ट के मामले सुलझाए गए।

## सीईटी एग्जाम देने जाने के दौरान हुआ हादसा

# ननद-भाभी को टैंकर ने कुचला बेटी और पति भी गंभीर घायल

बेधड़क | अलवर

शहर के शिवाजी पार्क थाना इलाके के दशहरा मैदान के पास बाइक पर सवार ननद-भाभी, पति और 9 माह की बच्ची को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार तेल के टैंकर ने कुचल दिया। टैंकर चारों को बाइक समेत 200 मीटर घसीटता हुआ ले गया।

हादसे में ननद और भाभी की मौत हो गई। वहीं पति और 9 माह की बेटी भी गंभीर घायल हो गए। बता दें कि भाभी और ननद का 2 घंटे बाद सीईटी का एग्जाम था।





### बाइक को 200 मीटर घसीटता ले गया टैंकर

शहर के शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि शैलेंद्र (27) उसकी पत्नी वीरवती (26), बहन सरस्वती (23) और 9 माह की बेटी वंशिका को बाइक से लेकर एग्जाम सेंटर पर छोड़ने जा रहा था। ये विजय मंदिर थाना क्षेत्र के अपने गांव टेहडपुर से आए थे। अलवर शहर में प्रवेश करने के बाद दशहरा मैदान के पास तेल के टैंकर ने पीछे से कुचल डाला। टैंकर करीब 200 मीटर तक घसीटता चला गया।

### बहन और पत्नी की मौके पर ही हुई मौत

हादसे में शैलेंद्र की पत्नी वीरवती और बहन सरस्वती की मौके पर मौत हो गई। वहीं 9 महीने की बेटी वंशिका और पिता शैलेंद्र के पैर में फ्रैक्चर हैं। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। शैलेन्द्र के पिता गिर्राज सिंह ट्रैफिक पुलिस में हैड कांस्टेबल हैं। घटना के समय वे अलवर शहर में ही ड्यूटी कर रहे थे। पता चलते ही अस्पताल में आए।

### 2021 में हुई थी शैलेंद्र की शादी

दरअसल युवक शैलेंद्र की पत्नी वीरवती का देसूला में सीईटी का एग्जाम था वहीं बहन सरस्वती का एग्जाम सेंटर मालाखेड़ा था। अलवर शहर से निकलने के दौरान हादसा हुआ। दोनों ननद-भाभी की परीक्षा दूसरी पारी में 3 बजे थी। वीरवती व शैलेंद्र की 2021 में शादी हुई थी। हैड कॉन्स्टेबल गिर्राज के चार बच्चे हैं। घटना करीब साढ़े 12 बजे के आसपास की है। करीब 30 मिनट बाद में पुलिस की टीम पहुंची है। टैंकर के नीचे बाइक फंसी मिली।

### इधर, ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को मारी टक्कर, युवती और किशोरी की मौत

**चाकसू।** सांगानेर सदर इलाके के मीणा चौक में सरिए से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने शनिवार को एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवती और 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई।

घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने टायर जलाकर रास्ता जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने वाटिका रोड मीणा चौक के पास अतिक्रमण को हटाने की मांग की। सूचना पर एडिशनल एसपी पारस जैन मौके पर पहुंचे और समझाइश कर मामला शांत कराया। बताया जा रहा है कि वाटिका निवासी मोना शर्मा अपने पड़ोसी ओमप्रकाश के साथ बाइक से कॉलेज जा रही थी। मीणा चौक के पास पहुंचने पर सरिए से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर से बाइक सवार घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और रास्ता जाम कर दिया। उन्होंने सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मीणा चौक में अवैध अतिक्रमण कर रखा है। यहां बेतरतीब तरीके से थड़ी-ठेले खड़े रहते हैं। इससे यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। उन्होंने मीणा चौक से अतिक्रमण हटाने की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश कर मामला शांत कराया। पुलिस ने दोनों शव मोर्चरी में रखवाए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चौथे दिन भी अनशन व हड़ताल जारी

# सांचौर जिले को यथावत रखने के लिए लोग लामबंद, बंद रहे बाजार



बेधड़क | सांचौर

प्रदेश में नए बनाए पुराने जिलों को बचाने को लेकर मुहिम तेज हो गई। इसी कड़ी में सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति की ओर से सांचौर जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन अनशन और हड़ताल का असर है। समिति के आह्वान पर शनिवार को सांचौर जिला पूरी तरह से बंद रहा।

बंद के चलते निजी और सरकारी स्कूलों, महाविद्यालयों, प्राइवेट हॉस्पिटलों और डॉक्टरों की हड़ताल ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इस हड़ताल के कारण प्राइवेट चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह से ठप हो चुकी हैं। इसके साथ ही जिला बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने भी अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल का ऐलान किया है, जिसके चलते न्यायिक कार्य प्रभावित हुए। सांचौर के अलावा जिले के छोटे-बड़े सभी कस्बों और बाजारों में भी पूरी तरह से बंद का असर दिखाई दिया। वहीं निजी स्कूलों ने छुट्टी की घोषणा की, जबकि सरकारी स्कूलों के छात्र स्कूलों के मुख्य गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

धरने के दौरान पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई समेत कई अन्य नेता और सामाजिक कार्यकर्ता भी कलेक्ट्रेट के बाहर जिला यथावत रखने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। धरना को अब चौथे दिन हो गए। सुखराम बिश्नोई की तबीयत में लगातार गिरावट हो रही है और डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है। हालांकि, उन्होंने धरना स्थल से हटने से इनकार कर दिया है, जिससे उनके समर्थकों में चिंता बढ़ रही है। बाजार बंद और धरना प्रदर्शन के चलते जिले के प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

## चोरी हुई बाइक जोधपुर और फलोदी बेचते थे

# तीन चोर गिरफ्तार, 32 बाइक बरामद

बेधड़क | बीकानेर

जिले की नयाशहर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 32 बाइक बरामद करते हुए तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने बताया कि नयाशहर थाना क्षेत्र में कोठारी अस्पताल के पास एक बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसके बाद एक पुलिस टीम का गठन किया गया और शहर में अलग-अलग जगह पर चोरी हुई बाइक में कुछ जानकारी सामने आई। जिसके आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया जो कि शातिर बाइक चोर हैं। इन लोगों को गिरफ्तार करने के बाद इनके कब्जे से 32 बाइक बरामद की गई है और फिलहाल इसे पूछताछ जारी है। उन्होंने बताया कि बीकानेर शहर और आसपास से चोरी की गई बाइक को आरोपी फलोदी और जोधपुर में बेचते थे। इन बाइक को बेचने के लिए फलोदी जिले के भोजासर का निवासी सोमराज मदद करता था। पुलिस ने सोमराज के साथ ही नयाशहर थाना क्षेत्र के निवासी सोनू और सिटी कोतवाली निवासी जहीर को गिरफ्तार किया है।




## प्रदेश में मानसून लेने लगा विदाई, गर्मी ने दिखाई फिर से तेजी

# नदी में बहे 2 बच्चे, कोटा बैराज में जलस्तर भी बढ़ा

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

प्रदेश में रविवार से बारिश का दौर थम सकता है। दक्षिण राजस्थान को छोड़कर शेष जगहों पर मौसम साफ रहने का अनुमान है। वहीं प्रदेश के आधे हिस्से से मानसून विदा होने से गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। जैसलमेर और फलोदी जिलों में तेज गर्मी पड़ने लगी है। यहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है।



शनिवार को कोटा बैराज के 2 गेट तीन-तीन फीट तक खोलकर पानी छोड़ा गया। जवाहर सागर डैम से लगातार हो रही पानी की निकासी के कारण कोटा बैराज का जलस्तर बढ़ गया। ऐसे में और अधिक गेट भी खोले जा सकते हैं। इस सीजन में एक ही बार में बैराज के 6 गेट सात-सात फीट खोलकर 50 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई थी। निंबाहेड़ा स्थित चरलिया ब्राह्मण गांव में नदी में नहाने गए 2 बच्चे बह गए। सूचना पर सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे 11 बच्चे नदी में नहाने आए थे। इस दौरान 3 बच्चे नदी के बीच में चले गए, जबकि 8 बच्चे किनारे पर ही रुक गए थे। इस दौरान अचानक नदी में पानी का बहाव तेज हो गया। एक बच्चा बाहर निकल आया, लेकिन दो बच्चे अंकित और चिंटू बह गए।

## बीकानेर में इंडियन साईक्रेटिक सोसायटी नॉर्थ जॉन की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आगाज

# सांस्कृतिक प्रयासों से भी दूर हो सकती है मानसिक बीमारियों की जटिलता

बेधड़क | बीकानेर

सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से बीकानेर साइक्रेटिक सोसायटी तथा इंडियन साईक्रेटिक सोसायटी नॉर्थ जॉन के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर रोड स्थित श्रीगणेशम रिसॉर्ट में शनिवार को दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का भव्य शुभारम्भ हुआ।

इस कॉन्फ्रेंस की थीम कल्चार मिल्यू एवं मेंटल इलनेस रही। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक तथा इस कॉन्फ्रेंस के मुख्य संरक्षक डॉ. गुंजन सोनी इंडियन साइक्रेटिक सोसयटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मीकांत राठी, इंडियन साइक्रेटिक सोसायटी नॉर्थ जॉन के अध्यक्ष ममता सूद व अन्य अतिथियों सहित डॉ. अच्यूत त्रिवेदी, डॉ. श्रीगोपाल गोयल व डॉ. हरफूल बिश्नोई ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कॉन्फ्रेंस के संरक्षक डॉ. केके वर्मा तथा डॉ. अशोक सिंघल ने कॉन्फ्रेंस में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस आयोजन के दौरान एनएन विंग, बक्षी तथा जीसी बोरल अवॉर्ड का प्रस्तुतीकरण दिया गया। आईपीएस नॉर्थ जॉन सचिव डॉ. नरेश नेवनानी ने अपने कार्यकाल का संक्षिप्त वर्णन दिया। डॉ. संदीप ग्रोवर ने नॉर्थ जॉन द्वारा प्रकाशित होने वाले जर्नल के बारे में बताया। इस दौरान सोविनियर और स्टेलवॉल्ट की दो पुस्तकों का विमोचन हुआ। डॉ. जितेन्द्र जींगर ने आईपीएस नॉर्थ की वेबसाइट के बारे में बताया।




### यहां मिट्टी में जादू, हर कोई रहना पसंद करता

इंडियन साइक्रेटिक सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत राठी ने राजस्थानी संस्कृति की तारीफ करते हुए कहा कि इसकी मिट्टी में वो जादू है, जहां हर कोई रहना पसंद करेगा। आईपीएस की उपाध्यक्ष डॉ. सविता मल्होत्रा ने नॉर्थ जॉन के द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। आईपीएस के सचिव डॉ. अमृत पत्तोजोशी ने नॉर्थ जोन की ओर से साइक्रेटिक क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को प्रोत्साहित किया। इंडियन साइक्रेटिक सोसायटी नॉर्थ जॉन की अध्यक्ष डॉ. ममता सूद ने अपने कार्यकाल के बारे में बताया।

### बढ़ती नशे की प्रवृति के लिए मानसिक रोग जिम्मेदार

प्राचार्य डॉ. सोनी ने सभी अतिथियों को एसपी मेडिकल कॉलेज द्वारा साइक्रेटिक क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया साथ ही बीकानेर की संस्कृति से अवगत करवाते हुए कहा कि आप यहां से अच्छे अनुभव लेते हुए जाए, पीबीएम अधीक्षक डॉ. पीके सैनी ने कहा कि आज आमजन में नशों की प्रवृति बढ़ती जा रही है। जिसका महत्वपूर्ण कारण मानसिक रोग है, इस पर हमें सजगता से कार्य करना होगा। आयोजन समिति के चेयरपर्सन डॉ. अच्यूत त्रिवेदी ने मानव व्यवहार पर अपने विचार रखे। आयोजन के दौरान डॉ. अशोक सिंघल ने भी अपने विचार रखे। डॉ. अंजू ठकराल ने कॉन्फ्रेंस के प्रथम दिवस के प्रोग्राम की जानकारी प्रदान की। आयोजन समिति के चेयरपर्सन डॉ. अच्यूत त्रिवेदी ने कार्यक्रम के दौरान सहयोग देने वाले रेजिडेण्ट डॉक्टर्स का आभार जताया।

### कॉन्फ्रेंस में इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा

संस्कृति इस बात को प्रभावित कर सकती है कि लोग मानसिक बीमारी के बारे में कैसे सोचते हैं, वे तनाव का सामना कैसे करते हैं, तथा वे किस प्रकार सहायता चाहते हैं। मानसिक बीमारी को समझने के लिए सांस्कृतिक संदर्भ महत्वपूर्ण है, लेकिन यह पहचानना भी महत्वपूर्ण है कि सांस्कृतिक प्रथाएं समावेशी और बहिष्कृत दोनों हो सकती हैं। मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता अपने मरीजों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को समझकर तथा आवश्यक संसाधन और सहायता प्रदान करके रोगी देखभाल में सुधार कर सकते हैं। भाषा और विचार में सांस्कृतिक अंतर मानसिक बीमारी के लक्षणों और उपप्रकारों में अंतर पैदा कर सकता है। सांस्कृतिक कारक सामाजिक नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं जो मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच निर्धारित करती हैं। आयोजन के चेयरपर्सन अच्यूत त्रिवेदी ने कार्यक्रम के दौरान सहयोग देने वाले सभी प्रोफेसर्स व सीनीयर रेजिडेण्ट डॉक्टर्स का आभार जताया।

**वीजीयू में द्वितीय आरके रस्तोगी मेमोरियल राष्ट्रीय नेगोशिएशन प्रतियोगिता में सुप्रीम कोर्ट जज एजी मसीह ने कहा...**

# आपसी बातचीत से विवादों का निपटारा राष्ट्र की पुरातन परम्परा

**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शनिवार को द्वितीय आरके रस्तोगी मेमोरियल नेशनल नेगोशिएशन प्रतियोगिता 2024 का उदघाटन सत्र सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधिपति एजी मसीह ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जहां न्यायालयों में विभिन्न केसेज का अंबार लगा हुआ है। वहां इस समस्या ने निजात पाने का एक कारगर उपाय आपसी बातचीत से है।



न्यायाधीश मसीह ने यह भी कहा कि आपसी बातचीत से विवादों को निस्तारित करना इस राष्ट्र की पुरातन परम्परा रही है। साथ ही यह भी कहा कि इस प्रक्रिया में अधिवक्ताओं का बहुत बड़ा योगदान हो सकता है कि वे अपने पक्षकारों को किसी भी विवाद को आपसी समझोते से सुलझाने के लिए प्रेरित करें। इससे पहले एडिशनल सोलिसिटर जनरल राजस्थान हाई कोर्ट राजदीपक रस्तोगी ने राधा कृष्ण रस्तोगी के जीवन के कई आयामों पर प्रकाश ढ़ालते हुए कहा कि ऐसी विभुतियां बहुत लम्बे समय तक दुबारा नहीं आती हैं। उन्होनें कहा कि रस्तोगी न केवल उच्च कोटी के अधिवक्ता थे, वरन मानवीय गुणों से भी ओतप्रोत थे और एक अच्छे अधिवक्ता होने के नाते उन्होंने उनके सामने आये विवादों को बातचीत के जरिए सुलझाने का प्रयास किया। जिससे विधि क्षेत्र के लोगों को शिक्षा लेनी चाहिए।

### पीएम मोदी ने भिजवाया संदेश

आरके रस्तोगी मेमोरियल राष्ट्रीय नेगोशिएशन प्रतियोगिता को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने अपना संदेश भिजवाया है। संदेश में पीएम ने राधा कृष्ण रस्तोगी की स्मृति में इस सराहनीय पहल के लिए वीजीयू प्रबंधन और रस्तोगी मेमोरियल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही कहा कि न्याय सदियों से हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचे का एक केंद्रीय तत्व रहा है। भारत में बातचीत के माध्यम से लंबित मुद्दों को सुलझाने की एक लंबी परंपरा रही है। 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प से प्रेरित 2047 तक का समय एक न्यायपूर्ण, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को साकार करने का अवसर है।

### न्यायालय से पहले मुकदमे बाहर निपटाएं : श्रीवास्तव

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति मनिंदर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि मानसिक सोच इस प्रकार का होना चाहिए कि जब भी कोई विवाद उनके सामने आये, उन विवादों को न्यायालयों में लाने से पहले ही सम्बन्धित पक्षकारों को आपसी समझोते से न्यायालय के बाहर ही निस्तारित करने के लिए अपना पूर्ण योगदान दें। न्यायाधिपति अवनीश झिंगन ने कहा कि बातचीत से विवादों के समाधान का अन्य कोई अच्छा विकल्प नहीं है और दो पक्षकारों आपस में अपने अहम को भी तोड़ते हुए समाधान निकालना चाहिए।

### आपसी बातचीत से निपट जाती हैं बड़ी-बड़ी समस्याएं

वीजीयू के चेयर पर्सन डॉ. ललित के पंवार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए इस अभिनव प्रयोग की सराहना की और इसे आज की युग की बढ़ी आवश्यकता बताया। वीजीयू के संरक्षक डॉ केराम एवं संस्थापक डॉ केआर बगडिया ने कहा कि आपसी बातचीत से समस्याओं का समाधान इस राष्ट्र में नया नहीं है और ग्रामीण क्षेत्रों में तो बातचीत के माध्यम से बड़ी-बड़ी समस्याएं निपट जाती है। अपने गांव का उदाहरण देते हुए कहा कि इस विद्या के कारण उनके गांव में कई वर्षो तक किसी भी प्रकार की कोई भी कानूनी कार्यवाही किसी भी व्यक्ति द्वारा नहीं की गई। अंत में वीजीयू विश्वविद्यालय के लॉ विभाग के डीन प्रो पीपी मितरा ने समस्त अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और यह बताया कि किस प्रकार ऐसे प्रयासों से न्यायालय में बढ़ते हुए केसेज की संख्या कम की जा सकती है।

## Yuva स्टोरीज

## ‘वन नेशन-वन इलेक्शन’ के लिए संविधान में कम से कम 14 संशोधन जरूरी



**बेधड़क** | जयपुर

हाल्ही में प्राकृत भारतीय अकादमी में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को “वन नेशन, वन इलेक्शन’ पक्ष और विपक्ष को समझाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व आईएएस ललित के पंवार और पूर्व आईएएस मीनाक्षी हूजा उपस्थित रहे। मीनाक्षी हूजा ने बताया कि संविधान में “वन नेशन, वन इलेक्शन” का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। उन्होंने उल्लेख किया कि पहले भी 67 वर्षों तक चुनाव हुए हैं, तो अब ऐसा क्यों नहीं हो सकता? उन्होंने छात्रों के साथ साझा किया कि राजनीतिक दल इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे मिलकर तय करेंगे कि चुनाव एक साथ होना चाहिए, अलग-अलग होना चाहिए या समकालिक होना चाहिए। ललित के पंवार ने बताया कि यदि “वन नेशन, वन इलेक्शन” को लागू किया जाता है, तो इसके लिए संविधान में कम से कम 14 संशोधन करने होंगे। इस सम्मेलन में पद्म भूषण पुरस्कार प्राप्तकर्ता डी आर. मेहता, प्रोफेसर सतीश बत्रा (आईआईपीए के अध्यक्ष), ममता भाटिया (आईआईपीए की सचिव) और प्रोफेसर संतोष कुमार भी उपस्थित थे।

## 68वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन




**जयपुर**। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बासनी तंबोलिया में 68वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता का 27 सितंबर को समापन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि विपिन परिहार, विशिष्ट अतिथि भैरो सिंह परिहा, पार्षद, नरेश परिहार, डॉल इंन्टनेशनल स्कूल की डायरेक्टर संगीता गहलोत, मंच पर मौजूद रहीं। जिन्होंने प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र वर्ग का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान आर्मी पब्लिक स्कूल को विजेता घोषित किया गया। जिसमें विजेता को मैडल व सर्टिफिकेट व ट्रॉफी दी गई। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल ने हनुमंत सीनियर सैकेडरी स्कूल जोधपुर को हराया कर अपना परचम लहराया।

## खुशबू का MBBS में राजकीय मेडिकल कॉलेज में हुआ चयन

**बेधड़क** | जयपुर

निकटवर्ती बिलोंची क्षेत्र के बगवाड़ा निवासी खुशबु गुर्जर पुत्री हेमपाल गुर्जर का एमबीबीएस में राजकीय मेडिकल कॉलेज सवाई माधोपुर में चयन हुआ है। खुशबबू गुर्जर के पिता हेमपाल गुर्जर ने बताया कि खुशबू शुरू से मेधावी छात्रा रही है। राजकीय महाविद्यालय में चयन होना बेटी की बड़ी उपलब्धि है। साथ ही खुशबू का कहना है कि ग्रामीण परिवेश के आमजन को चिकित्सा के क्षेत्र में अच्छी सुविधा उपलब्ध करवाना ही उनकी पहली प्राथमिकता होंगी। इस अवसर



प्रधानाचार्य डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, एडवोकेट कैलाश खोजी, सांवर मल गुर्जर,जेपी खोजी, राजेश पारीक, मुकेश पारीक, पटवारी शिव गुर्जर, सुरेश जासरावत, लालचंद शर्मा सहित अनेक ग्रामीणों ने खुशबू को एमबीबीएस में चयन होने पर बधाई दी।

**इंडिया इंटरनेशनल स्कूल के समरोह में शामिल हुए उप राष्ट्रपति धनखड़**

# महिलाओं और शिक्षा के बिना भारत विकसित नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि “महिलाओं और शिक्षा के बिना हम विकसित भारत का सपना नहीं देख सकते। महिला और शिक्षा उस रथ के दो पहिए हैं जो देश को चलाएंगे”। उपराष्ट्रपति धनखड़ शनिवार को राजधानी में इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद कर रहे थे। धनखड़ ने शिक्षा, विशेषकर महिला शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि “शिक्षा समाज में सबसे बड़ा स्तर है, यह समानता लाती है और लोकतंत्र के प्रस्फुटित होने के लिए यह एक जरूरी आवश्यकता है।” उन्होंने कहा कि “किसी भी समाज में शिक्षा असमानताओं को दूर कर समानता लाती है, शिक्षा सामाजिक व्यवस्था में बराबरी लाने का सबसे बड़ा साधन है, शिक्षा लोकतंत्र की प्राणवायु है”। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हाल ही में लागू महिला आरक्षण विधेयक की भी प्रशंसा की, जिसके तहत संसद और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि “एक युगांतकारी विकास हुआ है जोकि ऐतिहासिक विकास है, और वह लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में महिला आरक्षण है। संविधान ने अब लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में एक तिहाई आरक्षण प्रदान किया है। इससे वे नीति निर्माण का हिस्सा होंगी, वे कानून बनाने का हिस्सा होंगी, वे कार्यकारी कार्यों का हिस्सा होंगी, वे प्रेरक शक्ति होंगे।



### 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य में युवाओं की भूमिका

2047 में “विकसित भारत” का लक्ष्य हासिल करने में युवाओं की अहम भूमिका पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आवश्यक तत्व देश में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि “देश में ऐसी व्यवस्था है। जहां हर व्यक्ति आकांक्षाओं और सपनों को साकार करने के लिए अपनी प्रतिभा और क्षमता से लाभान्वित हो सकता है। “देश में कानून के समान अनुप्रयोग की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि “संविधान में लिखित ‘कानून के समक्ष समानता’ लंबे समय तक से अमल से दूर थी, कुछ लोगों का मानना था कि कानून के मामले में, वे कानून से ऊपर हैं, वे दूसरों की तुलना में विशेष हैं और कानून की पहुंच से परे हैं लेकिन वर्तमान एक बड़ा बदलाव हुआ है कि ‘कानून के समक्ष समानता’ अब एक जमीनी हकीकत है। विशेषाधिकार, वंशावली, वह विशेष वर्ग जो कोई भी यह विचार रखता था कि उन्हें कानून से छूट प्राप्त है, उन्हें अब कानून के प्रति जवाबदेह बनाया जा रहा है। यह एक बड़ा बदलाव है!”

### भारत सबसे अधिक संभावनाओं वाला देश

वैश्विक संस्थाओं द्वारा भारत के विकास पर की गई प्रशंसा को रेखांकित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा, “मैं आपको एक बात बता सकता हूं वैश्विक संस्थाएं, आईएमएफ, विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच और सभी ने कहा है कि भारत विश्व स्तर पर सबसे अधिक संभावनाओं वाला देश है। किसी भी देश में देखें, हम अवसर और निवेश के मामले में सर्वश्रेष्ठ हैं।”

### भ्रष्टाचार युवाओं के उत्थान के विरुद्ध

उपराष्ट्रपति ने देश में सत्ता के गलियारों की भ्रष्ट तत्वों से मुक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि “कोई भी समाज जो भ्रष्टाचार से संचालित होता है अथवा एक ऐसी प्रणाली द्वारा संचालित होता है। जहां भ्रष्टाचार के बिना आपको नौकरी नहीं मिल सकती है, वह निश्चित रूप से युवाओं के उत्थान के विरुद्ध है। भ्रष्टाचार प्रतिभाशाली लोगों के खिलाफ है। भ्रष्टाचार योग्यतातंत्र को निष्क्रिय कर देता है। एक समय में भ्रष्ट संपर्क तत्वों से ग्रस्त थे।

यह इस सदी का बहुत बड़ा विकास है”। धनखड़ ने कहा कि “देश ने विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ऐतिहासिक तेजी से विकास और आर्थिक प्रगति को बढ़ते देखा है। दिन प्रतिदिन भारत में संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं”। कार्यक्रम के मौके पर उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, आईआइएस सम-विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक गुप्ता, आईआइएस सम-विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टीएन माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

### नई शिक्षा नीति में कौशल विकास पर दिया जोर

उपराष्ट्रपति ने देश में गुणवत्तापूर्ण और उद्देश्यपूर्ण शिक्षा प्रदान करने की क्षमता के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सराहना करते हुए कहा कि “शिक्षा के बिना कोई बदलाव नहीं हो सकता। शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए, उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए। शिक्षा को डिग्री से परे होना चाहिए। एक के बाद एक डिग्रियां हासिल करना शिक्षा के प्रति सही दृष्टिकोण नहीं है और यही कारण है कि तीन दशकों के बाद देश में एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई है जो छात्रों को उनकी प्रतिभा का पूरा लाभ उठाने में मददगार है। इस नीति के द्वारा उन्हें डिग्री आधारित शिक्षा से दूर कर दिया गया है। इसमें कौशल शिक्षा और योग्यता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके साथ ही आप कोर्स भी कर सकते हैं।” अपने सम्बोधन में उपराष्ट्रपति ने इस नीति को अपनाने की अपील उन लोगों से भी की। जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को नहीं अपनाया है।

## लावन्या द लेबल को सर्वश्रेष्ठ महिला एथनिक वियर ब्रांड का खिताब




**बेधड़क** | जयपुर

लावन्या द लेबल को व्यवसाय जगत में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। ग्लोबल हेल्थकेयर लीडरशिप समिट एंड अवार्ड्स 2024 में ब्रांड को “सर्वश्रेष्ठ महिला एथनिक वियर ब्रांड” का प्रतिष्ठित खिताब प्रदान किया गया है। लावन्या द लेबल के निदेशक, अंकित और पूजा चौधरी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, “प्रतिभाशाली नुसरत भरुचा द्वारा प्रस्तुत इस सम्मानित पुरस्कार को प्राप्त करना हमारे लिए अत्यधिक गर्व की बात है। यह हमारी पूरी टीम के कठिन परिश्रम, समर्पण और जुनून का प्रमाण है।’उन्होंने आगे कहा कि ब्रांड का उद्देश्य न केवल एथनिक वियर के क्षेत्र में नवाचार करना है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन करना भी है। “हमारी कोशिश है कि हम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएं और उन्हें उनके सांस्कृतिक और पारंपरिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें,” अंकित-पूजा चौधरी ने कहा। उनका मानना है कि जब महिलाएं, विशेष रूप से ग्रामीण महिलाएं, आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तो इससे समाज में व्यापक प्रगति होती है। हम इस दिशा में हमारे प्रयासों को पहचानने के लिए आयोजकों और मीडिया भागीदारों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

## विज्ञान के प्रति रुचि को अतिथियों से करवाया रूबरू

**बेधड़क** | बीकानेर

रानी बाजार स्थित बाल निकेतन स्कूल में साइंस फेस्ट का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रभारी बिन्नी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथि राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षक दीपक जोशी, सोशल मीडिया एक्टिविस्ट ए डॉ. अर्पित गुप्ता, एंकर ज्योति प्रकाश रंगा, आरजे रोहित ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की डायरेक्टर ऋचा स्वामी, ज्वाइन डायरेक्टर तान्या कृष्ण सिंह, प्रधानाचार्य बिन्नी सिंह एवं कार्यक्रम संचालिका ऋतु शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राइमरी, मिडिल एवं सेकेंडरी विंग के विद्यार्थियों ने स्वयं निर्मित मॉडल, वर्किंग मॉडल एवं चार्ट के माध्यम से विज्ञान के प्रति अपनी रुचि को



उपस्थित अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। दीपक जोशी एवं डॉक्टर अर्पित गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। ज्योति प्रकाश रंगा तथा रोहित ने विद्यार्थियों को शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. अर्पित गुप्ता ने अपनी ओर से सात चयनित मॉडलों के लिए संबंधित विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए। ऋचा स्वामी ने बताया कि विद्यालय प्रारंभ से ही विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने का प्रयास करता है।

**हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला** | **स्पीकर वासुदेव देवनानी ने शिक्षक वंदन कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

# युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए करें तैयार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि वर्तमान परिदृश्य में युवा पीढ़ी को भविष्य की चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। युवा पीढ़ी में भारत की सांस्कृतिक परम्पराओं के अनुरूप मानवता, सहिष्णुता, धैर्य जैसे गुणों के साथ भारतीय संस्कारों के समावेश के लिए शिक्षकों को गुरु की भूमिका निभानी होगी। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी शनिवार को यहां राजापार्क स्थित दशहरा मैदान में आयोजित हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा मेलों में शिक्षक वंदन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने दीप प्रज्ज्वलन कर शिक्षक वंदन



समारोह का शुभारम्भ किया। देवनानी ने कहा कि जिसका स्तर मां जैसा हो वह मास्टर कहलाता है। शिक्षकों को बच्चों को पढाने के साथ-साथ संस्कार भी देने होंगे। उन्होंने कहा कि समग्र चेतना का जागरण आज की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति को कोई समाप्त नहीं कर सकता है। शिक्षकों को भारतीय संस्कृति से युवाओं को जोड़े रखने के लिए सतत प्रयास करने होंगे।

### राष्ट्र सर्वोपरि की भावना बचपन से ही युवा पीढ़ी में हो

देवनानी ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है। यह भावना बचपन से ही युवा पीढ़ी में पैदा करनी होगी। इस भावना को युवाओं में पैदा करने वाला ही सच्चे शिक्षक होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे आदर्श, हमारे महापुरूष और हमारी महान संस्कृति है। राष्ट्र के भविष्य को सशक्त करने के लिए मानवीय मूल्यों को आचरण में लाना होगा। देवनानी ने कहा कि रिसर्जेन्ट भारत भी राष्ट्र के संस्कारों से ही बनेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नारी का सम्मान भारत में अनादिकाल से है। पर्यावरण संरक्षण हमारी संस्कृति है। भारतीय संस्कृति के भाव में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। देवनानी ने बच्चों के जीवन को अच्छे संस्कारों से गढ़ने के लिए शिक्षकों का आव्हान किया। इन्टरनेट के युग में भी भारतीय संस्कारों की आवश्यकता बताई।

### ऐसा व्यवहार हो ताकि शिक्षक को बच्चों से सम्मान मिल सके

मुनि समत्व सागर ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों के समावेश की आवश्यकता बताते हुए कहा कि शिक्षकों को स्वयं को ऐसे व्यवहार का प्रदर्शन करना होगा ताकि उन्हें बच्चों से सम्मान मिल सके। समारोह में राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अल्पना कटेजा भी मौजूद थी। स्वागत भाषण फाउण्डेंशन के श्री गुरूवन्त सिंह कोठारी ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षकों का वंदन किया। ओम गुरूभ्यों नम: से पाण्डाल गुंजायमान हो गया। इस दौरान बच्चों को माता-पिता, शिक्षकों, नारी के सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र के प्रति नैतिक जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक और विद्यार्थी बडी संख्या में मौजूद थे।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

### शिवालिक की पहाड़ियों में है 5000 साल पुराना मंदिर, जिससे मिला चंडीगढ़ शहर को नाम

# चंडी का मंदिर जहां पर मिला था अर्जुन को महाभारत में विजयी होने का वरदान

**शाश्वत सनातन**

*भारत के प्राचीन मंदिरों में कई ऐसे स्थल हैं जो सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं रखते, बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में भी जाने जाते हैं। इन्हीं में से एक है शिवालिक की पहाड़ियों के बीच स्थित चंडी मंदिर, जिसका इतिहास 5000 साल पुराना माना जाता है। यह मंदिर न केवल अपनी प्राचीनता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसके साथ जुड़े कई महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक प्रसंगों के कारण भी यह मंदिर विशेष स्थान रखता है। यहां पर अर्जुन को महाभारत युद्ध में विजय का वरदान मिला था और इसी मंदिर के कारण चंडीगढ़ शहर को उसका नाम मिला। आइए, जानते हैं इस मंदिर का पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व।*





## पांडवों का आगमन और अर्जुन की तपस्या

महाभारत के काल से जुड़े इस मंदिर का एक विशेष स्थान है। किवदंती के अनुसार, पांडव जब अपने 12 साल के वनवास के दौरान घूमते हुए इस स्थान पर आए, तो उन्होंने इस मंदिर का दर्शन किया और यहां कुछ समय के लिए ठहरे। यह भी कहा जाता है कि अर्जुन ने यहां एक पेड़ की शाखा पर बैठकर मां चंडी की घोर तपस्या की। अर्जुन की इस तपस्या से प्रसन्न होकर मां चंडी ने उन्हें तेजस्वी तलवार और महाभारत के युद्ध में विजय का वरदान दिया। यह वही वरदान था जो बाद में अर्जुन और पांडवों के लिए कुरुक्षेत्र के युद्ध में विजय का कारण बना। अर्जुन की तपस्या और मां चंडी के आशीर्वाद ने इस मंदिर को एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल बना दिया। इस मंदिर में मां चंडी का स्वरूप बेहद शक्तिशाली माना जाता है। भक्त यहां आकर अपने कष्टों से मुक्ति पाते हैं। मंदिर की स्थापना के बाद, साधु द्वारा यहां की पूजा-अर्चना से यह स्थान और भी पवित्र बन गया।




## चंडी मंदिर की प्राचीनता और साधु की वर्षों तक की तपस्या की मान्यता

शिवालिक की पहाड़ियों के बीच बसे इस प्राचीन मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है। कहा जाता है कि यहां एक साधु वर्षों तक तपस्या करते थे। उनके कठिन तप से प्रसन्न होकर मां दुर्गा ने उन्हें एक मूर्ति प्रदान की, जिसमें मां दुर्गा महिषासुर का वध कर उसके ऊपर खड़ी थीं। इस रूप में मां दुर्गा की शक्तिशाली छवि को देखकर साधु ने इसे पूजा के लिए स्थापित करने का निश्चय किया। साधु ने घास, मिट्टी और पत्थरों से एक छोटा मंदिर बनाया, जिसे बाद में 'चंडी मंदिर' के नाम से प्रसिद्धि मिली। यह छोटा सा मंदिर धीरे-धीरे दूर-दूर तक श्रद्धालुओं के बीच लोकप्रिय हो गया। कहा जाता है कि जो भी भक्त यहां आकर मां चंडी से प्रार्थना करता, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती थीं। यही कारण था कि यह मंदिर जल्दी ही एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में स्थापित हो गया।




## मंदिर का वर्तमान स्वरूप और धार्मिक महत्त्व

वर्तमान में चंडी मंदिर एक भव्य धार्मिक स्थल के रूप में स्थापित है, जहां मां चंडी देवी की मूर्ति मुख्य रूप से पूजी जाती है। मंदिर में मां दुर्गा के अलावा राधा-कृष्ण, भगवान शिव, राम, और हनुमान की मूर्तियां भी स्थापित हैं, लेकिन मुख्य पूजा मां चंडी की होती है। दूर-दूर से आने वाले भक्त मां चंडी के दरबार में आकर अपनी मनोकामनाएं रखते हैं और मां की कृपा से उनकी इच्छाएं पूरी होती हैं। मंदिर का माहौल अत्यंत शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा हुआ है, जो यहां आने वाले हर श्रद्धालु के मन को शांति और संतोष प्रदान करता है। मां चंडी के आशीर्वाद के लिए यहां प्रतिवर्ष हजारों भक्त आते हैं, और उनकी उपासना करने का यह पवित्र स्थल हर किसी को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। यहां आने वाले श्रद्धालु न केवल मंदिर की पूजा-अर्चना में भाग लेते हैं, बल्कि यहां के शांत और पवित्र वातावरण में ध्यान और साधना भी करते हैं।

**कॅरिअर परामर्श**

# बच्चों की किशोरावस्था के पांच साल कर दें इग्नोर



अर्चना त्यागी

मेरी सहेली पूनम पिछले दो-तीन सालों से मानसिक रूप से बहुत परेशान चल रही थी। कारण था उसके टीन एज बच्चे गुड्डू और मिनी। दोनों न पढ़ाई में ही मन लगाते थे और न ही अपने मम्मी पापा की कोई बात सुनते थे। बस मनमानी ही उनके जीवन का लक्ष्य बन गई थी। हारकर दोनों पति पत्नी मनोवैज्ञानिक से मिलने पहुंचे। उसने जाते ही उनसे बच्चों की उम्र पूछी। एक पंद्रह वर्ष और दूसरा अठारह वर्ष।

'बच्चों की उम्र आपकी समस्या का कारण है। इस उम्र में हार्मोन असंतुलन होने के कारण चिड़चिड़ापन, घबराहट, मनमर्जी और असुरक्षा की भावना के साथ ही खुद की बात को ही सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानने जैसी मानसिक समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। बेहतर है कि आप उन्हें समझने की कोशिश करें।'

दोनों पति-पत्नी मुंह लटकाकर घर वापस आ गए। यह पूनम के घर की समस्या नहीं है। प्रत्येक परिवार कभी न कभी इस समस्या से जूझता ही है। ऐसा लगता है कि आजकल के डॉक्टर बच्चों को कुछ भी कहने की इजाजत के पक्षधर नहीं हैं, अपितु उनके सामने मां-बाप अनुशासन में रहकर बात करें, इसी बात पर बल दिया जाता है।

अब सिक्के का दूसरा पहलू भी देख लेते हैं। बच्चे के मस्तिष्क का विकास पांच वर्ष तक की आयु तक पूरा हो जाता है, ऐसा मनोवैज्ञानिक मानते हैं। इन पांच वर्षों



तक बच्चा केवल अनुसरण करता है। अपने मस्तिष्क का अधिक प्रयोग नहीं करता है। दूसरी बात, टीन एज में किशोर वय के बच्चों में शारीरिक व मानसिक परिवर्तन होना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। यही कारण है कि वो असामान्य व्यवहार करते हुए नजर आते हैं। यदि माता-पिता और शिक्षक भी किशोरावस्था के पांच साल बच्चे की हरकतों से अनजान बनकर निकाल दें तो संसार की आधी समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। यही वह समय होता है जब बच्चा सबसे ज्यादा अपनापन चाहता है। यही अपनापन उसे जहां मिलता है वह उसी ओर भागने लगता है और परिवार में कलह का वातावरण बना रहता है। माता-पिता या शिक्षक जो भी उसे रोकने या कुछ समझाने की कोशिश करता है उसे ही अपना दुश्मन समझने लगता है।

पहले दादा दादी, चाचा, ताऊ या मामा, नाना भी बच्चों के संपर्क में रहा करते थे। मां बाप से अगर नाराजगी हो भी जाती थी तो दूसरे लोग बात संभाल लिया करते थे, परंतु अब एकल परिवारों की मजबूरी ने इस समस्या के उभरने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है।

आवश्यकता है, समझदारी की। कुछ और नहीं तो इतना तो किया ही जा सकता है कि पांच साल बच्चे को लौटा दिए जाएं जो उसने केवल अनुसरण करके बिताए थे। उसकी छोटी-छोटी गलतियों को अनजान बनकर माफ कर दिया जाए। प्राकृतिक परिवर्तन को रोका नहीं जा सकता है, फिर क्यों बच्चों को अनावश्यक रूप से रोका टोका जाए। उसकी मनोस्थिति अगर नहीं भी समझ आए तो छोड़ दिया जाए। टीन एज से युवावस्था में जाने पर वह स्वयं इन सब मुश्किलों से बाहर आ जाएगा और इन पांच वर्षों में अगर उसे मानसिक संबल मिला तो विवेक पूर्ण निर्णय लेना भी सीख जाएगा।

**कविता**

# मैं कोरा कागज हूं



सुमित्रा माथुर 'सुमन'
कवयित्री

*मैं कागज हूं मेरे कई रंग-रूप,*
*आकार, प्रकार जैसी इबादत*
*लिखो, वैसा हो जाता हूं मैं,*
*मैं कोरा कागज हूं।*

*मैं लेखन में कविता, उपन्यास हूं*
*ग्रंथों में वेद, पुराण, रामायण,*
*गीता हूं मैं अनेक विधाओं का*
*संग्रह हूं, मैं कोरा कागज हूं।*

*लोग कहते हैं- लो कागज*
*आया है, मैं कोरा कागज नहीं,*
*सरकारी गजट का हिस्सा हूं*
*जज के आदेश पर कानून हूं तो*
*कहीं फतवा तो कहीं फरमान*
*हूं, मैं कोरा कागज हूं।*

*चित्रकार की जीवंत कल्पना*
*हूं खुशियों का गुलदस्ता हूं,*
*कागज की कश्ती हूं, प्यार का*
*पैगाम भी हूं मैं, मैं कोरा*
*कागज हूं।*

*कागज को तो सब*
*पढते हैं, लेकिन सुकून,*
*सलौने-बिछौने पर पाते हैं,*
*मैं मेज राजदार हूं उन शब्दों*
*की, जो मुझ पर गढे जाते*
*हैं, मैं गवाह हूं उन पलों का जो*
*कभी खुशी, कभी गम*
*दे जाते हैं। मैं कागज - कोरा*
*कागज हूं।*

**शब्दों की सीख**

# मां और एक रुपए की टॉफी



देवांशी शर्मा
लेखिका

*मां अपने बच्चे के लिए हर परिस्थिति में हिम्मत और धैर्य दिखा सकती है, चाहे उसकी कितनी भी परेशानियां क्यों न हों।*

कमरे में सिसकियों की आवाज सुनकर मैं डर गई। मैं बस 6 साल की थी और ऐसे माहौल से अनजान थी, जहां कोई रोता था। उस आवाज में एक अजीब सा दर्द था। उसका कारण समझ पाने की मेरी उम्र न थी। धीरे-धीरे मैं मम्मी के पास गई। उन्हें घुटनों पर सिर रखकर रोते हुए देख, मेरे छोटे से दिल में हलचल मच गई। मेरा मन घबराने लगा। मैंने मम्मी को इस तरह पहले कभी नहीं देखा था। मुझे लगा कि शायद किसी ने उन्हें डांटा होगा, जैसे कभी-कभी मुझे डांट पड़ती थी जब मैं कोई शरारत करती थी।

मम्मी की ये हालत देखना मेरे लिए बहुत मुश्किल था। डरते हुए मैं उनके पास गई और धीरे से उनकी साड़ी का पल्लू खींचा। मम्मी ने अपना सिर उठाया, उनकी आंखों से आंसू बह रहे थे। मैंने अपनी नन्हीं उंगलियों से उनके गालों पर बहते आंसुओं को पोंछा। उस पल में मैंने समझा कि मम्मी बहुत दुखी हैं, पर समझ नहीं पाई कि आखिर हुआ क्या है। मम्मी ने मुझे देखा और उनकी भीगी आंखों के बीच एक हल्की सी मुस्कान आई। वह मुस्कान मुझे देखकर आई थी, मानो मैं उनके दुःख का कुछ हल्का बोझ उठाने में कामयाब रही थी। मुझे याद है, उस समय मम्मी ने मुझसे बहुत ही प्यार भरी आवाज में पूछा, 'टॉफी खाएगी?' उनका यह सवाल सुनकर मेरी आंखों में चमक आ गई। छोटी उम्र में, टॉफी के नाम से ही मेरे चेहरे पर खुशी आ जाती थी। लेकिन उस दिन, मम्मी की मुस्कान और उनका प्यार मेरे लिए टॉफी से कहीं ज्यादा मायने रखता था। टॉफी की मिठास से कहीं ज्यादा, उनकी उस मुस्कान ने मेरे दिल को सुकून दिया था। मैं उनके साथ खुशी-खुशी पास की दुकान तक गई। मम्मी ने अपनी जेब से 1 रुपए का सिक्का निकाला और मुझे एक छोटी सी टॉफी दिलाई। उस समय 1 रुपए की टॉफी किसी खजाने से कम नहीं लगती थी। मैंने टॉफी का पहला टुकड़ा मुंह में रखा, और उसकी मिठास ने मुझे अंदर तक खुश कर दिया, पर मम्मी का चेहरा अब भी थोड़ा उदास था।

हालांकि, वह मुस्कराने की कोशिश कर रही थी। टॉफी खाने के दौरान मैं बार-बार मम्मी की ओर देखती रही और हर बार उनकी आंखों में छिपे दुःख को पढ़ने की कोशिश करती, लेकिन मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा था। मम्मी के चेहरे



की थकान और उनकी आंखों में छिपी वे अनकही बातें मुझे परेशान कर रही थीं। उस एक रुपए की टॉफी ने मुझे उस समय जितनी खुशी दी, उससे कहीं अधिक मम्मी की मुस्कान ने मेरे दिल को छुआ। मैं उनके पास बैठी रही और अपने नन्हें हाथों से उनके गालों को सहलाती रही। शायद मुझे लगता था कि मेरा यह छोटा सा स्पर्श उनके दुःख को कम कर देगा।

मम्मी ने मुझे अपनी गोद में बैठा लिया और धीरे से मेरे बालों में उंगलियां फेरने लगीं। उनके इस प्यार भरे स्पर्श ने मेरे मन में एक अजीब सी शांति भर दी। मैंने उस समय समझा कि मम्मी चाहे कितनी भी दुखी हों, वे मेरे लिए हमेशा एक ढाल बनकर खड़ी रहेंगी। आज जब मैं उन पलों को याद करती हूं, तो सोचती हूं कि मम्मी के आंसुओं के पीछे कितनी गहरी तकलीफ छिपी थी। एक बच्चे के लिए उसकी मां का रोना सबसे डरावना होता है। मेरे लिए भी वह अनुभव कुछ ऐसा ही था, लेकिन मम्मी ने अपने आंसुओं को पीछे रखकर, अपने दर्द को छिपाकर मेरे सामने मुस्कराना चुना। एक मां का स्नेह ऐसा होता है कि वह अपने बच्चों की खुशी के लिए अपने सभी दुःखों को नजरअंदाज कर देती है। उस दिन मम्मी ने मुझे सिखाया कि एक मां अपने बच्चे के लिए हर परिस्थिति में हिम्मत और धैर्य दिखा सकती है, चाहे उसकी अपनी जिंदगी में कितनी भी परेशानियां क्यों न हों। वो 1 रुपए की टॉफी सिर्फ एक टॉफी नहीं थी। वह मेरे और मम्मी के बीच के बंधन का प्रतीक थी।

उस दिन मम्मी ने मुझे टॉफी देकर सिर्फ मेरे मन को खुश नहीं किया, बल्कि मुझे यह एहसास दिलाया कि वह हमेशा मेरे साथ हैं, चाहे उनकी खुद की स्थिति कितनी भी कठिन क्यों न हो। मैं अब बड़ी हो गई हूं, लेकिन जब भी उस दिन को याद करती हूं, तो मेरे दिल में एक गहरी कृतज्ञता का भाव उभर आता है। मम्मी ने उस दिन मुझे सिर्फ मिठास नहीं दी, बल्कि मुझे यह सिखाया कि कैसे अपनी परेशानियों को किनारे रखकर दूसरों के लिए मुस्कुराया जाता है। अब, जब भी जिंदगी में कोई मुश्किल आती है, तो मैं मम्मी की उस मुस्कान को याद करती हूं। वह मुस्कान, जो उन्होंने अपनी सारी तकलीफों के बावजूद मुझे दी थी। उनकी उस मुस्कान में छिपी ताकत ने मुझे जीवन में हर मुश्किल का सामना करने का हौसला दिया है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है।

वह अपने बच्चों के लिए सब कुछ सहन कर सकती है, बस उनकी खुशियों के लिए। आज जब मैं मां की तरह खुद को देखती हूं, तो समझती हूं कि उन्होंने उस दिन किस दर्द को सहा होगा, फिर भी उन्होंने मेरे लिए खुशी का वो छोटा सा पल चुना। मम्मी की वो एक रुपए की टॉफी आज भी मेरे दिल में बसी हुई है, क्योंकि वह टॉफी सिर्फ एक मिठास नहीं थी, वह मम्मी के प्यार और उनके स्नेह का प्रतीक थी। जब भी जिंदगी में चुनौतियां आती हैं, मम्मी की उस मुस्कान को याद कर मैं खुद को संभाल लेती हूं। उन्होंने मुझे सिखाया कि कैसे मुश्किलों के बावजूद अपने अपनों के लिए मुस्कुराना चाहिए। ■■■■

### जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस महासचिव की रैली, इंदिरा गांधी को याद कर सुनाई कहानी

# आपको ऐसी सरकार को चुनना है जो आपकी बात कर सके: प्रियंका

**एजेंसी** | जम्मू

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में पार्टी के लिए चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इस चुनावी मौसम में ये उनकी पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था।

प्रियंका ने सुबह सबसे पहले कठुआ के बिलावर में जनसभा की और फिर जम्मू के बिश्नाह में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका गांधी ने अपनी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निशाना भी साधा। इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर बीजेपी पर वार किया। बता दें कि शनिवार को जम्मू में पीएम मोदी की भी रैली थी, इस पर प्रियंका गांधी ने कहा, 'मुझे पीएम मोदी के भाषण में गंभीरता नहीं दिखी। पीएम छोटी-छोटी बातों को गिनाते हैं। राज्य का दर्जा छीन लिया। एलजी के जरिए रिमोट वाला लूट का राज स्थापित किया गया है। रिलायंस के रिटेल स्टोर खुल रहे हैं, आपकी दुकानें बंद हो रही हैं। आज आपके हक को छीना जा रहा है। अगर आपको आपका हक चाहिए तो आपको ऐसी सरकार को चुनना है जो आपकी बात कर सके।'

### इंदिरा गांधी का सुनाया किस्सा

प्रियंका गांधी ने अपनी दादी को याद करते हुए कहा, 'मेरी दादी इंदिरा जी ने एक बार घर में कहा कि मेरा कश्मीर जाने का मन कर रहा है। हम कश्मीर आए तो पहले खीर भवानी माता के मंदिर गए और फिर वे हमें आध्यात्मिक गुरु पंडित लक्ष्मण जी के आश्रम ले गईं। जब हम दिल्ली लौटे तो तीन-चार दिन बाद ही वे शहीद हो गईं। अक्सर मुझे लगता है कि ये उनको अपनी धरती और माता जी का बुलावा था इसलिए जब भी मैं श्रीनगर आती हूं, तो खीर भवानी माता के मंदिर जाती हूं और अपनी दादी को याद करती हूं।'

### 'मुझे पीएम मोदी के भाषण में गंभीरता नहीं दिखी'




### बेरोजगारी और पेपर लीक का किया जिक्र

प्रियंका गांधी ने कहा, 'युवाओं को आज रोजगार नहीं मिल रहा है। जो भर्तियां निकल रहीं हैं, उनका पेपर लीक हो रहा है। बाहर की कंपनियों को यहां बुलाकर आपका हक लूटा जा रहा है। नौजवानों को अग्निवीर जैसी स्कीम दी जा रही है। आपके उपराज्यपाल बाहरी हैं, जो भी नीतियां बनाई जा रही हैं, वे बाहरी लोगों के लिए हैं। बाहरी लोगों को ठेके दिए जा रहे हैं। आपकी रेत बाहर भेजी जा रही है और जब आपको इसे खरीदना होता है, तो आपको यह अधिक कीमत पर मिलती है। बाहरी कंपनियां यहां आकर सब कुछ लूट रही हैं। सभी ठेके अपने बाहरी मित्रों को दे दिए गए हैं। बाहरी कंपनियों को लाकर हमारे सभी छोटे व्यवसाय नष्ट किए जा रहे हैं।'

### बीजेपी पर किए वार

प्रियंका गांधी ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर देश का शिखर है। प्रकृति ने आपको सुंदरता, संसाधन, बड़े-बड़े आध्यात्मिक गुरू दिए, जो यहां से चले और देश-विदेश में धर्म और शांति की बात की लेकिन भाजपा के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर को अपने राजनीतिक शतरंज का मोहरा बना दिया है। जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए नीतियां नहीं बनती। जो बनती भी हैं, वो देश में राजनीति करने के लिए बनाई जाती हैं।

### राहुल गांधी को पागलखाने भेजना चाहिए: राजू दास



**अयोध्या**। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी महंत राजू दास ने कहा, "राहुल गांधी का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इसका विरोध और निंदा करते हैं। मुझे लगता है कि राहुल गांधी पागल हो गए हैं, उन्हें पागलखाने में भर्ती कराना चाहिए। लाखों राम भक्तों ने 500 साल की लंबी लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी। महंत राजू दास कहते हैं, "हर दिन इस मुद्दे पर सुनवाई होती रही। राम मंदिर को डांस पार्टी कहना सबसे मूर्खतापूर्ण बात है। कांग्रेस हमेशा से राम और सनातन के खिलाफ रही है। वे राम मंदिर के निर्माण को पचा नहीं पा रहे हैं। राहुल गांधी पूरी तरह पागल हैं और वे जो भी मन में आता है, बोलते रहते हैं।

### स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य चुनाव अवैध: आप



**नई दिल्ली**। दिल्ली नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य चुनाव को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अवैध और अमान्य बताया है। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सीएम आतिशी ने कहा कि बीजेपी ने शुक्रवार को एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव कराए जो एमसीडी कानून का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि एमसीडी एक्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव निगम की मीटिंग में ही कराए जाएंगे और मीटिंग केवल मेयर ही बुला सकते हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस चुनाव के लिए खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगी।

### हरियाणा चुनाव: पीएम ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# कांग्रेस में सीएम बनने के लिए मारामारी: नरेंद्र मोदी

- जहां कांग्रेस होती है, वहां कभी स्थिरता नहीं आ सकती
- जनता ने बना लिया है कांग्रेस को नकारने का मन

**एजेंसी** | हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए हिसार में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। पीएम मोदी ने कांग्रेस की अंदरूनी कलह का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस में मुख्यमंत्री बनने के लिए मारामारी मची है। बापू भी दावेदार है और बेटा भी दावेदार है। दोनों मिलकर बाकियों को निपटाने में लगे हैं। पीएम मोदी ने कहा, जहां कांग्रेस होती है, वहां कभी स्थिरता नहीं आ सकती। जो पार्टी अपने नेताओं के बीच ही एकता नहीं ला सकती, वो राज्य में स्थिरता कैसे लाएगी? हरियाणा की जनता कांग्रेस के झूठे वादों में नहीं फंसने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जैसे-जैसे वोटिंग की तारीख नजदीक आ रही है। कांग्रेस पस्त पड़ती जा रही है।

कांग्रेस के नेता अब कहने लगे हैं कि हरियाणा में भी वही हाल होगा, जो मध्य प्रदेश में हुआ था। मध्य प्रदेश और राजस्थान में पिछले चुनाव में इन्होंने झूठ का गुब्बारा खूब फुलाया। लेकिन जनता ने वोट की चोट देकर उस गुब्बारे की हवा निकाल दी। अब हरियाणा में भी यही होने जा रहा है। जनता ने कांग्रेस को नकारने का मन बना लिया है। बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 5 अक्टूबर को एक ही चरण में मतदान होना है।



### म्हारा हरियाणा, नॉनस्टॉप हरियाणा

पीएम ने कहा, हरियाणा की माताओं-बहनों ने यहां एक नारा दिया है - म्हारा हरियाणा, नॉनस्टॉप हरियाणा। हरियाणा का विकास ऐसे ही नॉनस्टॉप चलते रहना चाहिए। इसलिए हरियाणा तीसरी बार भाजपा को मौका देने का मन पक्का कर चुका है। चारों तरफ से आवाज आ रही है - भरोसा दिल से, भाजपा फिर से। कांग्रेस का ये हाल इसलिए होता है, क्योंकि कांग्रेस देश की सबसे धोखेबाज और बेईमान पार्टी है। हिमाचल का इन्होंने क्या हाल कर दिया? हिमाचल में इन्होंने क्या-क्या झूठ बोला, उसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। अब सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने अपने वायदों से पल्ला झाड़ लिया है।

### कांग्रेस ने हिमाचल की जनता को फंसाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग अब कांग्रेस से कह रहे हैं "क्या हुआ तेरा वादा।" कांग्रेस लोगों से पूछ रही है "तुम कौन।" उन्होंने गांधी परिवार पर हमला बोला, "दिल्ली के शाही परिवार ने हिमाचल की जनता को अपने झूठ में फंसाया। आज हिमाचल के कर्मचारियों को वेतन और डीए (महंगाई भत्ता) देने के लिए उनके पास बजट नहीं है।' उन्होंने कहा कि जहां भी कांग्रेस है वहां स्थिरता नहीं आ सकती। हरियाणा में कांग्रेस में गुटबाजी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, "जो पार्टी अपने नेताओं के बीच एकता नहीं ला सकती, वह राज्य में स्थिरता कैसे लाएगी।" उन्होंने कहा, "आप देख रहे हैं कि यहां (हरियाणा में) कांग्रेस में लोग मुख्यमंत्री बनने के लिए आपस में ही मारामारी कर रहे हैं।"

### बापू-बेटा बाकियों को निपटाने में लगे

पीएम मोदी ने कहा, "बापू (भूपेंद्र हुड्डा) भी दावेदार है और बेटा (दीपेंद्र) भी दावेदार है। और दोनों मिलकर बाकियों को निपटाने में लगे हैं। और यह सब देखकर हरियाणा के जागरूक नागरिक कांग्रेस को निपटाने में लग पड़े हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने तन-मन-धन से दिल्ली के शाही परिवार की सेवा की और अब वे ही पूछ रहे हैं कि उनसे क्या गलती हुई।

### हरियाणा: कांग्रेस का घोषणा पत्र, 'हाथ बदलेगा हालात' जारी

# महिलाओं को आर्थिक मदद, 25 लाख का मुफ्त इलाज

- हरियाणा विदेशी रोजगार बोर्ड बनाने का वादा




**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने शनिवार को चंडीगढ़ में अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें मुफ्त बिजली, मुफ्त इलाज, महिलाओं को आर्थिक सहायता, किसानों को एमएसपी की गारंटी और राज्य में जाति जनगणना कराने जैसे कई बड़े वादे किए गए हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदय भान की मौजूदगी में यह घोषणापत्र जारी किया गया। चुनावी घोषणापत्र में कांग्रेस ने हरियाणा के हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज देने का वादा किया है।

कांग्रेस ने विदेशों में नौकरियों के लिए युवाओं की राह आसान बनाने के लिए हरियाणा विदेशी रोजगार बोर्ड बनाने और ओबीसी की क्रीमीलेयर की सीमा 10 लाख तक करने का वादा किया है।

### घोषणा पत्र में किए ये प्रमुख वादे

- सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
- युवाओं को रोजगार
- बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज
- महिलाओं को हर महीने 2000 रुपए की सहायता
- किसान आयोग का गठन और न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की गारंटी
- एक विभाग का गठन जो सुनिश्चित करेगा कि बड़े पैमाने पर युवाओं का पलायन न हो
- वंचितों को 100 वर्ग गज का प्लॉट सुनिश्चित किया जाएगा
- अल्पसंख्यक आयोग का गठन

### 'दर्द के दशक' का अंत करेगी कांग्रेस: राहुल

कांग्रेस के नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, ''भाजपा ने एक दशक में हरियाणा से उसकी समृद्धि, उसके सपने और शक्ति छीन ली।" उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए गए वादों का जिक्र करते हुए कहा कि, ''कांग्रेस की आने वाली सरकार 'दर्द के दशक' का अंत करेगी - हर हरियाणा वासी की उम्मीदों, आकांक्षाओं और ख्वाबों को पूरा करना हमारा संकल्प है।"

### विश्वास है कांग्रेस सरकार बनाएगी: गहलोत

अशोक गहलोत ने घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, "हमने अभी घोषणापत्र जारी किया है और हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस सरकार बनाएगी। इस घोषणापत्र को नियमित रूप से देखा जाएगा और सभी वादों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।"

### नवंबर में खत्म हो रहा विधानसभा का कार्यकाल

# महाराष्ट्र में 26 नवंबर से पहले चुनाव

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची चुनाव आयोग की टीम ने अपना दौरा पूरा कर लिया है।

दो दिवसीय दौरे के दौरान निर्वाचन आयोग की टीम ने कई राजनीतिक दलों और अधिकारियों के साथ अहम बैठक कीं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में 26 नवंबर



से पहले चुनाव कराना होगा, क्योंकि नवंबर में महाराष्ट्र विधानसभा कार्यकाल खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र की स्थिति की समीक्षा करने के बाद चुनाव आयोग ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में सभी की भागीदारी जरूरी है। महाराष्ट्र में 1 लाख 186 मतदान केंद्र हैं। विधानसभा की 288 सीटों के लिए 9.59 करोड़ वोटर हैं। जिसमें से 49 हजार 39 मतदाता सौ साल से ऊपर की उम्र के हैं, साथ ही महाराष्ट्र में महिला वोटरों की संख्या में 22 फीसदी का इजाफा हुआ है।

### अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह की शुरुआत एक अक्टूबर से

# अणुव्रत सात्विक जीवन जीने का मार्ग: मेघवाल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण द्वारा उद्घोषित और अणुव्रत विश्व भारती द्वारा निर्देशित अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह का आयोजन 1 से 7 अक्टूबर तक भारत और नेपाल में किया जाएगा। आयोजन से पहले शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री एवं अणुव्रत संसदीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक




अर्जुनराम मेघवाल ने कार्यक्रम के बैनर का लोकार्पण किया। इस मौके पर अणुविभा की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. कुसुम लुनिया, गाजियाबाद समिति की अध्यक्षा कुसुम सुराना, तुलसी और ओम प्रकाश मेघवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि अणुव्रत चरित्र विकास के लिए किए जाने वाले संकल्प का नाम है। यह सात्विक और आनंदमय जीवन जीने का मार्ग है।

इससे वैश्विक समस्यायों का समाधान भी संभव है। अतः उद्बोधन सप्ताह में अणुव्रत अनुशास्ता के पावन सानिध्य मे 6 अक्टूबर को होने वाले समारोह में स्वयं उपस्थित रहने का भाव रखता हूं।

### चुनावी बॉन्ड स्कीम में जबरन वसूली का आरोप

# निर्मला सीतारमण पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

- जनाधिकार संघर्ष संगठन ने दर्ज कराई शिकायत

**एजेंसी** | बेंगलुरु

बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने अब बंद हो चुकी चुनावी बॉन्ड योजना के जरिए जबरन वसूली के आरोपों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

जनाधिकार संघर्ष संगठन के आदर्श अय्यर की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में निर्मला सीतारमण और अन्य पर चुनावी बॉन्ड की आड़ में जबरन वसूली का रैकेट चलाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत में न केवल निर्मला सीतारमण बल्कि बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक बीजेपी के नेता नलीन कुमार कतील और बीवाई विजयेंद्र का भी नाम शामिल है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कॉर्पोरेट संस्थाओं को हजारों करोड़ के चुनावी बॉन्ड खरीदने के लिए मजबूर किया गया। इसमें प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दबाव की रणनीति के तहत छापेमारी किए जाने का हवाला दिया गया है। इन चुनावी बॉन्ड को कथित तौर पर राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर बीजेपी नेताओं द्वारा भुनाया गया।



### SC ने स्कीम को बताया था असंवैधानिक

15 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने एसबीआई और चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा पूरा डेटा सार्वजनिक करें। 21 मार्च को डेटा सामने आया। इसमें पता चला था कि 2018 से 2023 तक देश की 771 कंपनियों ने 11,484 करोड़ के बॉन्ड खरीदे थे। ट्रेडिंग कंपनियों ने सबसे ज्यादा 2955 करोड़ रुपए सियासी दलों को दिए। डेटा सार्वजनिक होने के बाद जुलाई 2024 में भी कॉर्पोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच लेन-देन की जांच SIT से करवाने की याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी।

### भाजपा ने किया बचाव

बीजेपी ने इस मामले में आरोपों को नकारते हुए निर्मला सीतारमण का बचाव किया है। पार्टी ने तर्क दिया है कि आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और चुनावी बॉन्ड का मुद्दा नीतिगत मामला है, न कि आपराधिक। बीजेपी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर चल रहे मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी केस को लेकर भी हमला किया।

### यहां दर्ज होगी एफआईआर

आदर्श अय्यर की याचिका पर सुनवाई करते हुए बेंगलुरु की पीपुल्स रिप्रेजेंटेटिव कोर्ट ने बेंगलुरू के तिलक नगर पुलिस स्टेशन को वित्त मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली के मामले में जेएसपी के सह-अध्यक्ष आदर्श अय्यर ने पिछले साल यानी अप्रैल 2023 में 42वें एसीएमएम कोर्ट का रुख किया था।

### एचडी कुमारस्वामी के आरोप

# कांग्रेस मुझे जेल भेजने की रच रही साजिश

**एजेंसी** | बेंगलुरु

केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शनिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को चुनौती दी कि वह राज्य लोकायुक्त में अपने खिलाफ लंबित 70 मामलों के बारे में जनता को बताएं। बेंगलुरु में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने कहा, "अगर सीएम सिद्धारमैया ईमानदार हैं, तो उनके खिलाफ इतने सारे मामले क्यों दर्ज हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि सिद्धारमैया ने खुद को बचाने के लिए लोकायुक्त संस्था को बंद कर दिया और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की स्थापना की।



कुमारस्वामी ने कहा कि कांग्रेस सरकार मुझे 12 साल पुराने मामले में जेल भेजने की साजिश कर रही है। अगर ऐसी स्थिति आई तो मैं स्वेच्छा से अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा (मेरे पिता) की आंखों में आंसू लाए, वे नष्ट हो जाएंगे।

## श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में परकोटा निर्माण कार्य निरन्तर प्रगति पर, निखरने लगा स्वरूप...








*अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु रोजाना दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। इस बीच राम मंदिर निर्माण के दूसरे चरण का काम भी तेजी से किया जा रहा है। इसमें प्रथम तल का काम तो लगभग पूरा हो गया है। वहीं द्वितीय तल का कार्य तेजी से किया जा रहा है। परकोटा और द्वितीय तल के साथ ही अब शीर्ष तल का स्वरूप भी निखरने लगा। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने 2025 तक काम को पूरा करने का लक्ष्य रखा है।*

## जरूरी खबर

### टाटा के होसुर इलेक्ट्रॉनिक प्लांट में आग से नुकसान

**होसुर।** तमिलनाडु के होसुर में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में शनिवार को भीषण आग लग गई। आग सेलफोन मैन्युफैक्चरिंग सेक्शन में लगी, जिसके बाद कर्मचारियों को परिसर खाली करना पड़ा। आग लगने की वजह से संपत्ति का काफी नुकसान हुआ है। जब फैक्ट्री में आग लगी तो उस समय करीब 1,500 कर्मचारी ड्यूटी पर थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सांस संबंधी समस्या से पीड़ित तीन कर्मचारियों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है।

### जिरीबाम में फिर भड़की हिंसा

**इंफाल।** मणिपुर में जिरीबाम जिले के एक गांव में शनिवार को कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने गोलीबारी की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ हथियारबंद लोगों ने पास की पहाड़ियों और आसपास के घने जंगलों से मैतेई आबादी वाले गांव मोंगबुंग पर अंधाधुंध गोलीबारी की। जिसके बाद गांव के स्वयंसेवकों की ओर से भी जवाबी कार्रवाई में गोलीबारी की गई है। इस गोलीवबारी को देखते हुए महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है।

## 9वें राष्ट्रीय हितधारक परामर्श कार्यक्रम में बोले CJI।


# मेरी बेटियों ने दुनिया देखने का मेरा नजरिया बदल दिया

■ न्याय व्यवस्था को दिव्यांग बच्चों की परेशानियां समझने की जरूरत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि पुलिस थानों से लेकर अदालतों तक पूरी न्याय व्यवस्था को दिव्यांग बच्चों की परेशानियों को समझने और उसके समाधान पर ध्यान देना चाहिए। बाल संरक्षण पर नौवें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक चर्चा कार्यक्रम में बोलते हुए सीजेआई ने कहा कि दिव्यांग लोगों की चुनौतियां शारीरिक से भी ज्यादा हैं। उन्हें शारीरिक चुनौतियों के साथ-साथ समाज में व्याप्त पूर्वाग्रहों, रूढ़ियों और गलत धारणाओं से भी जूझना होता है।

मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि 'हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पुलिस थानों से लेकर न्यायालयों तक न्याय प्रणाली इन बच्चों की परेशानियों को समझें और उनका समाधान करें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेरी बेटियों ने दुनिया को देखने का मेरा नजरिया बदल दिया। चीफ जस्टिस ने कहा कि दो अद्भुत युवा बेटियों को पालने वाले व्यक्ति के रूप में मुझे प्रतिदिन उस खुशी, उद्देश्य और प्यार की याद आती है, जो वे मेरे जीवन में लाती हैं। उन्होंने न केवल दुनिया को देखने के मेरे तरीके को बदल दिया है, बल्कि इससे जुड़ने के मेरे तरीके को भी बदल दिया है। मेरी बेटियों ने एक अधिक समावेशी समाज बनाने की मेरी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है, जहां हर बच्चे को, उनकी क्षमताओं की परवाह किए बिना, पोषित और संरक्षित किया जाता है।



### चार प्रमुख धारणाओं पर डाला प्रकाश

सीजेआई ने चार प्रमुख धारणाओं पर प्रकाश डाला, जिन पर न्यायपालिका और नीति-निर्माताओं को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। सबसे पहले, समस्या को पहचानना। दूसरा, जांच करना कि क्या हमारे पास दिव्यांग बच्चों के लिए न्याय तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए मजबूत ढांचा है। तीसरा, क्षमता निर्माण और अंत में, अंतर्संबंध के मुद्दे। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है दिव्यांग बच्चों पर विश्वसनीय आंकड़ों का अभाव, विशेष रूप से वे जो यौन अपराधों के पीड़ित हैं या जो कानून के साथ टकराव में आते हैं। हम मुद्दे के दायरे को समझे बिना नीतियां कैसे बना सकते हैं और समाधान कैसे लागू कर सकते हैं? वास्तविक समय के अलग-अलग आंकड़ों की कमी के कारण इन बच्चों के सामने आने वाली बाधाओं को पूरी तरह से समझना मुश्किल हो जाता है। सटीक आंकड़ों के बिना, प्रभावी योजना बनाना, नीतिगत बदलाव और परिणामों की निगरानी करना पहुंच से बाहर रहता है।

### हैंडबुक का किया लोकार्पण

'दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों से संबंधित हैंडबुक' के लोकार्पण की घोषणा करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे दिव्यांग व्यक्तियों पर पुस्तिका के लोकार्पण की घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है, जिसका उद्देश्य न केवल कानूनी समुदाय को बल्कि बड़े पैमाने पर समाज को दिव्यांगों का उल्लेख करते समय समावेशी शब्दावली का उपयोग करने में सहायता और संवेदनशील बनाना है। उन्होंने कहा कि हैंडबुक को ब्रेल लिपि में और ऑडियोबुक के रूप में भी जारी किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह सभी के लिए उपलब्ध हो, चाहे उनकी क्षमताएं कुछ भी हों।

## सर्वश्रेष्ठ भारतीय डिजाइन प्रतिभाओं का सम्मान

# वास्तुकार प्रमोद जैन डिजाइन स्केप अवॉर्ड-2024 से सम्मानित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जयपुर के मशहूर वास्तुकार प्रमोद जैन को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर की परिकल्पना और वास्तुकला डिजाइन के लिए मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में डिजाइन स्केप अवॉर्ड-2024 से सम्मानित किया गया। आर्किटेक्ट प्रमोद जैन ने यह पुरस्कार अपने संस्थान प्रमोद एंड एसोसिएट्स की ओर से ऑडिटोरियम और एरेनास श्रेणी में मान्यता प्राप्त राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर के लिए स्वीकार किया। समारोह का आयोजन एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मीडिया समूह द्वारा किया गया था। डिजाइन स्केप अवॉर्ड्स विभिन्न श्रेणियों में डिजाइन और वास्तुकला में उत्कृष्टता के लिए दिया जाता है, जिससे भारत में इस उद्योग के विकास और प्रशंसा को बढ़ावा मिल सके। इस कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ भारतीय डिजाइन प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया, जिसमें वास्तुकला और इंटीरियर डिजाइन की प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। प्रतिष्ठित जूरी में आर्किटेक्ट और इस उद्योग से जुड़े पेशेवर लोग शामिल थे। जिन्होंने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर की अभिनव डिजाइन और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रमोद जैन के असाधारण काम के लिए प्रमोद जैन और एसोसिएट्स का इस पुरस्कार के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर प्रमोद जैन ने कहा, "हम इस अविश्वसनीय मान्यता के लिए आभारी हैं।" "राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर हमारे सांस्कृतिक और हेरिटेज प्रेम का परिणाम था और यह पुरस्कार हमारी पूरी टीम की कड़ी मेहनत और रचनात्मकता को दर्शाता है।




## बेंगलुरु में होटल को बम से उड़ाने की धमकी

# मुंबई में आतंकी हमले का अलर्ट

**एजेंसी** | मुंबई/बेंगलुरु

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक बार फिर से आतंकी हमले का अलर्ट जारी हुआ है। वहीं बेंगलुरु में एक होटल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जानकारी के अनुसार खुफिया एजेंसी से इनपुट मिलने के बाद शनिवार को मुंबई में आतंकी हमले की अलर्ट जारी किया गया। आतंकी खतरे को देखते हुए शहर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अलर्ट जारी किए जाने के बाद से ही मुंबई के सभी धार्मिक स्थलों और भीड़ भाड़ वाली जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुंबई में जितने स्थानों पर भी ज्यादा भीड़ लगती है, वहां पुलिस जवानों की मॉक ड्रिल करवाई जा रही है, साथ ही डीसीपी अपने-अपने जोन में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। वहीं बेंगलुरु के ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ताज वेस्ट एंड होटल को अज्ञात बदमाशों से एक ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली। मध्य बेंगलुरु के पुलिस उपायुक्त शेखर एचटी ने इस सिलसिले में कहा कि सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और बम निरोधक दस्ता गहन जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। बीडीडीएस और एएससी टीम ने परिसर की जांच की और पाया कि यह एक धमकी भरा ईमेल फर्जी था।



## तमिलनाडु कैबिनेट में फेरबदल

# उदयनिधि होंगे उपमुख्यमंत्री, सेंथिल बालाजी की वापसी

**एजेंसी** | चेन्नई

तमिलनाडु सरकार ने शनिवार शाम मंत्रीमंडल में बड़ा फेरबदल किया है। एमके स्टालिन सरकार ने सीएम के पुत्र उदयनिधि स्टालिन को डिप्टी सीएम बनाया है। वहीं सेंथिल बालाजी को फिर से मंत्रीमंडल में शामिल किया है। शपथ ग्रहण समारोह रविवार को दोपहर 3.30 बजे राजभवन में आयोजित किया जाएगा। बता दें कि, उदयनिधि स्टालिन सीएम एमके स्टालिन के बेटे हैं। राज्य में काफी समय से उदयनिधि को डिप्टी सीएम बनाए जाने को लेकर चर्चाएं चल रही थी। आज होने वाले मंत्रीमंडल विस्तार में सबसे चौंकाने वाला नाम सेंथिल बालाजी का है। जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने 26 सितंबर को ही जमानत मिली थी। उन्हें एक साल पहले ईडी ने गिरफ्तार किया था। स्टालिन सरकार ने कैबिनेट में कुछ बदलाव किए हैं।



मौजूदा सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. के पॉनमुडी अब वन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय संभाल रहे शिवा मयनाथन को पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सौंपा गया है।

## आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले बड़ा ऐलान

# हर मैच के लिए खिलाड़ियों को मिलेंगे 7.5 लाख रुपए

■ फ्रेंचाइजी को मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आईपीएल 2025 के लिए होने वाली नीलामी से पहले बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बड़ा ऐलान किया है। अब आईपीएल में खेलने वाले खिलाड़ियों को मैच फीस भी मिलेगी। यानी खिलाड़ियों को नीलामी में जो पैसे मिलेंगे वो अलग होगी जबकि मैच फीस के रूप में उन्हें अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा। आईपीएल 2025 से पहले बीसीसीआई की तरफ से की गई ये बड़ी पहल है जो खिलाड़ियों के लिहाज से काफी अच्छा है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने अपने बयान में कहा, 'आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए हम एक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं। जय शाह ने इसका ऐलान एक्स के जरिए किया। उन्होंने लिखा कि आईपीएल में खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा ऐतिहासिक कदम उठाते हुए हम अपने क्रिकेटरों को मैच फीस के रूप में 7.5 लाख रुपए देने की घोषणा करते हैं।



### टेस्ट प्लेयर्स के लिए भी हो चुका है ऐलान

इससे पहले 2024 की शुरुआत में बीसीसीआई ने टेस्ट क्रिकेटर्स को सौगात दी थी। तब कहा गया था कि एक साल में शेड्यूल 75 प्रतिशत टेस्ट मैच खेलने वाले प्लेयर्स को बतौर इनाम 45 लाख रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। इसका मतलब ये था कि अब एक सीजन में 10 टेस्ट खेलने वाला खिलाड़ी अपनी सामान्य 1.5 करोड़ रुपए मैच फीस (प्रति गेम 15 लाख रुपए) के अलावा 4.50 करोड़ रुपए अतिरिक्त कमा सकता है।

### मैच खेलने वाले प्लेयर को 1.05 करोड़ रुपए

बीसीसीआई के सचिव जय शाह की घोषणा के अनुसार आईपीएल के एक सीजन में जो भी खिलाड़ी सभी लीग मैच खेलेगा उन्हें उनकी अनुबंधित राशि के अलावा 1.05 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। वहीं जय शाह ने बताया कि प्रत्येक फ्रेंचाइजी को सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की जाएगी जो पर्स में मौजूद रकम से अलग होगी। यह आईपीएल और हमारे खिलाड़ियों के लिए एक नया युग है।

### बांग्लादेश के खिलाफ मयंक को मौका

बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। सूर्यकुमार की कप्तानी वाली टीम में ज्यादातर सीनियर प्लेयर्स को आराम दिया गया है। वहीं तेज गेंदबाज मयंक यादव को मौका दिया गया है। टीम में वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा की वापसी हुई है। वहीं संजू सैमसन और जितेश शर्मा को विकेटकीपर के रूप में चुना गया। हार्दिक पंड्या भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 3 टी-20 की सीरीज 6 अक्टूबर से शुरू होगी।

## टीवी9 न्यूज के डायरेक्टर हेमंत शर्मा के जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे डॉ. जगदीश चंद्र

# आप सबने मेरा दिन अविस्मरणीय बना दिया, आपकी दुआएं मेरे लिए अनमोल

*बेधड़क.जयपुर। 'आप सभी ने मेरा दिन अविस्मरणीय बना दिया। आपका प्यार, दुआएं और समर्थन मेरे लिए अनमोल हैं, ये शब्द टीवी9 न्यूज के डायरेक्टर हेमंत शर्मा ने कहे जब उनके जन्मदिन पर उन्हें बधाई देने डॉ. जगदीश चंद्र शर्मा पहुंचे। हेमंत शर्मा के जन्मदिन का यह सेलेब्रेशन दिल्ली के क्यूटुब स्थित बोताई रेस्टोरेंट में किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मेहमानों की मेज़बानी उनकी पत्नी वीना शर्मा ने की। सेलेब्रेशन में उनके करीबी परिवार और दोस्तों ने शिरकत की। डॉ. जगदीश चंद्र भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने हेमंत शर्मा को बधाई दी और उनके स्वस्थ, खुशहाल और सफल जीवन की कामना की। इस खास अवसर पर उनकी बेटी अधिवक्ता इशानी शर्मा भी उपस्थित रहीं। शहर की प्रतिष्ठित हस्तियों और मीडिया जगत से जुड़े व्यक्तियों ने हेमंत शर्मा को शुभकामनाएं दीं। प्रमुख अतिथियों में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल और उनकी पत्नी डॉ. वंदना सहगल (प्राचार्य और डीन, एफओएपी, ए.के.टी.यू.) के साथ ही सॉलिटेयर रियल इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, हरजीत सिंह साहनी भी शामिल थे। हेमंत शर्मा ने इस मौके पर मिले प्यार और सम्मान पर सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने मेरा दिन अविस्मरणीय बना दिया।*






फोटो: कपिल कुमार

## डॉ. जगदीश चंद्रा से अकाउंटेंट आशीष की शिष्टाचार भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन के अकाउंटेंट आशीष कुमार ने शनिवार को डॉ. जगदीश चंद्रा से उनके निवास पर भेंट की।

## RFF में हुई OTT-सिनेमा के बीच की दूरी खत्म

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फिल्म फेस्टिवल (आरएफएफ) के तहत शनिवार को रॉयल ऑर्किड में भारतीय क्षेत्रीय सिनेमा की विविधता को सेलिब्रेट करते हुए टॉक शो का आयोजन किया गया। टॉक शो में प्रसिद्ध अभिनेता अरबाज खान, अभिनेत्री स्मिता बंसल, एक्टर पुनीत इस्सर, फिल्म निर्देशक कर्थिक साउंडराराजन, फिल्म निर्माता विनोद मेनन, अभिनेत्री जरीन शिहाब, फिल्म मेकर रविचंद्र, हेमंत सुेराना, प्रवीण त्यादे, निर्देशक निलेश जलमकर, फिल्म लेखक अजहर, अंतिमा और अभिनेता श्रवण सागर, महेन्द्र मौजूद रहे। फेस्टिवल की फाउंडर संजना शर्मा और प्रोग्रामिंग हैड अनिल जैन ने बताया राजस्थानी लेखक चरण सिंह पथिक, स्टेज ऐप के कल्चर हेड रेनू राना और हीरेन सेठिया भी टॉक शो में मौजूद रहे।

## एलीट मिस राजस्थान का आज होगा अंतिम ऑडिशन



**बेधड़क. जयपुर।** एलीट मिस राजस्थान सीजन 11 का अंतिम ऑडिशन प्रतिष्ठा बैंक्वेट, द फर्न हैबिटेट होटल में रविवार को सुबह 9 बजे होगा। भारत 24-विजन ऑफ न्यू इंडिया और फर्स्ट इंडिया द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम के प्रमुख प्रायोजक मानस हॉट कुट्योर और स्टूडियो रियल्टी ग्रुप सह-प्रायोजक हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश चंद्र होंगे। संस्थापक एवं निदेशक गौरव गौर के साथ जूरी और मेंटर्स शेरोन एलेक्जेंडर, दिव्या कसलीवाल, आकांक्षा भल्ला, मोना गौतम और रुत्वी तिवारी भी मौजूद रहेंगी। शो के डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया की इससे पूर्व जोधपुर, कोटा, उदयपुर और जयपुर में करीब 2000 लड़कियां आडिशन दे चुकीं है। 30 लड़कियां सिलेक्ट होने के बाद 7 दिनों के लिए ग्रूम होने के लिए फाइव स्टार रिसोर्ट अनंता में रहेंगी। देश के जाने माने ग्रूमिंग एक्सपर्ट उनको ग्रूम करेंगे। एलिट मिस राजस्थान का ग्रांड फिनाले 27 अक्टूबर को अलंकारा रिसोर्ट मानसरोवर में होगा।

## सीएम ने किया 'श्री राम कथा' के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री बालाजी गोशाला संस्थान, सालासर के सान्निध्य में विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजित होने वाली श्री राम कथा के पोस्टर का विमोचन शनिवार को किया। इस मौके पर विद्याधर स्टेडियम आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं गोशाला अध्यक्ष रविशंकर पुजारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कार्यक्रम में आने का निमंत्रण भी दिया। श्री बालाजी गोशाला अध्यक्ष रविशंकर पुजारी ने बताया कि 9 दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन 7 से 15 नवंबर तक श्री बालाजी गोशाला संस्थान सालासर के सान्निध्य में किया जाएगा। कथा में पद्म विभूषण तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंद आचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज कथा वाचन करेंगे।

## City इवेंट्स

### जन्मदिन पर लिया आशीर्वाद



**बेधड़क. जयपुर।** फर्स्ट इंडिया परिवार की शिवांगी सिंह राव ने शनिवार को अपने जन्मदिन पर डॉ. जगदीश चंद्रा से आशीर्वाद लिया। शिवांगी सिंह राव उनके निवास पर पहुंचीं, जहां डॉ. जगदीश चंद्रा ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ऋतुराज शर्मा सहायक रजिस्ट्रार बने



**बेधड़क. जयपुर।** हाईकोर्ट प्रशासन ने आदेश जारी कर जोधपुर मुख्य पीठ व जयपुर बेंच में कार्मिकों को पदोन्नति दी हैं। इसमें भरत भाटिया डिप्टी रजिस्ट्रार के पद से ज्वाइंट रजिस्ट्रार( गैर न्यायिक) पद पर पदोन्नत किया है। इसके साथ ही राजीव त्यागी, पी सी गुप्ता,दलपत सिंह सोलंकी को डिप्टी रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नत किया है। अजय शर्मा, ऋतुराज शर्मा, अशोक शामनानी, सुभाष शर्मा, मनोज राय, नरेंद्र चौधरी को सहायक रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नति दी गई है।

### कैप्टन गुंजन दुआ को मिला भारत विभूषण



**बेधड़क. जयपुर।** स्काइरीच एविएशन एकेडमी की संस्थापक एवं निदेशक कैप्टेन गुंजन दुआ को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भारत विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को नेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से दिया जाता है। गुंजन दुआ ने दक्षिण अफ्रीका से कमर्शियल पायलट का कोर्स किया है और पिछले पंद्रह वर्षों से वे पायलट ट्रेनिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने करीब पंद्रह सौ पायलट को तैयार किया जो आज विश्व की कई बेहतरीन एयरलाइंस में प्लेन उड़ा रहे हैं। हरियाणा के छोटे से शहर रेवाड़ी में पली बढ़ी कैप्टेन दुआ ने आसमान तक का सफर कई मुश्किलों से गुजरने के बाद तय किया है। ऐसे समय में जब लड़कियों को पढ़ना भी एक बड़ी बात होती थी, गुंजन ने पहले कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की और उसके बाद 8,500 किलोमीटर दूर दक्षिण अफ्रीका जाकर पायलट का कोर्स किया। गुंजन के उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हें विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई बार पुरस्कृत किया गया।

## दुर्गापुरा में प्रदेश के पहले डॉग फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन

# अब डॉग्स को मिलेंगी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं!

**बेधड़क | जयपुर**

पिंकसिटी के अलग-अलग ब्रीड के हजारों डॉग्स और पैट लवर्स को नई सौगात मिली है। शनिवार को दुर्गापुरा में इंटरनेशनल डॉग बाजार का मल्टीस्टोरी डॉग फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन हुआ, जहां डॉग्स के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधाएं उपलब्ध हैं।

भारत 24 के सीईओ एंड एडिटर इन चीफ और फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीएमडी डॉ. जगदीश चंद्रा और डॉग लवर अनिता सहगल ने फीता काटकर डॉग फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके कर डॉ. जगदीश चंद्रा ने कहा कि इस तरह के वर्ल्ड क्लास डॉग फैसिलिटी सेंटर एक मिसाल पेश होगी कि राजस्थान में सिर्फ इंसानों ही नहीं, बल्कि उनके सबसे अच्छे दोस्त डॉग्स के लिए भी उदारता है।

इंटरनेशनल डॉग बाजार के डायरेक्टर वीरेन शर्मा ने इस मौके पर सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस सेंटर पर शहर के डॉग्स के लिए विश्वस्तरीय उपचार की सुविधा से लेकर सैलून, होटल, स्पा, फैशन असेसरीज, इंपोर्टेड ड्रेस सब उपलब्ध रहेंगे।



### 112 प्रकार की मिलेंगी डिशेज

कैफे में यूके से प्रशिक्षित शेफ्स 112 विभिन्न प्रकार की शाकाहारी डिशेज और डॉग्स के लिए मॉकटेल्स तैयार करेंगे। वहीं, ओनर्स के लिए 60 से अधिक प्रकार की कॉफी उपलब्ध होगी। कैफे में एक समय में 64 डॉग्स और उनके ओनर्स के बैठने की व्यवस्था है। इसके साथ ही यह राजस्थान की पहली डॉग बेकरी होगी, जहां केक, पेस्ट्री, कुकीज और कपकेक जैसे डॉग ट्रीट्स परोसे जाएंगे। डॉग्स की ग्रूमिंग मलेशिया से आए एक्सपर्ट्स करेंगे।

### स्ट्रीट डॉग्स के लिए रोज बनेंगे 300 टिफिन

इस डॉग टावर में सड़क पर रहने वाले बेसहारा डॉग्स के लिए रसोई भी बनाई गई है। यहां इन बेजुबानो के लिए हर रोज लगभग 300 ताजे भोजन के टिफिन तैयार किए जाएंगे। कोई भी डॉग लवर यहां से सिर्फ दो रुपए में टिफिन लेकर भूखे डॉग का पेट भर सकता है। इस डॉग टावर से कोई भी भारतीय पप्पी भी फ्री अडॉप्ट कर सकेगा। इसके अलावा सेंटर में आने वाले हर देशी विदेशी डॉग का स्वागत फ्री एंटीरेबीज वैक्सीन लगाकर किया जाएगा।

**मंथन** 'पर्यटन और शांति' पर केंद्रित रहा फर्स्ट इंडिया टीवी का पर्यटन दिवस कार्यक्रम

# शांति पर्यटन के विकास की नींव, पर्यटक शांति ध्वज

**बेधड़क | जयपुर**

फर्स्ट इंडिया टीवी पर विश्व पर्यटन दिवस कार्यक्रम इस वर्ष के लिए दी गई थीम 'पर्यटन और शांति' पर केंद्रित रहा। बता दें कि विश्व पर्यटन दिवस का उत्सव अक्सर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और हेरिटेज वॉक और स्मारकों में मुफ्त प्रवेश तक ही सीमित रहता है, लेकिन फर्स्ट इंडिया ने पर्यटन उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों के साथ इस विषय पर चर्चा की। इसमें फिल्म निर्माता एस. नल्ला मुथु, टूर एस्कॉर्ट दुर्गा सिंह मांडवा, सरिस्का पर्यटन के प्रमोटर गजेंद्र सिंह पंवार, पर्यटन शिक्षा डॉ. सैयद वली खालिद और तृप्ति पाण्डेय , पर्यटन और संस्कृति सलाहकार और एक लेखिका ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन तृप्ति पाण्डे ने किया।





### सांस्कृतिक बारीकियों की सराहना की कमी

पाण्डेय ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि शांति पर्यटन के मजबूत विकास की नींव है और साथ ही पर्यटक शांति ध्वज के वाहक होते हैं, क्योंकि वे विभिन्न संस्कृतियों के साथ बातचीत करते हैं। डॉ. खालिद ने उस विचार को दोहराया, जबकि वन्यजीव फिल्म निर्माता नल्ला मुथु ने शांतिपूर्ण स्थानों पर जाने की अंतर्निहित इच्छा व्यक्त की। दुर्गा सिंह मंडावा ने गायों के प्रति श्रद्धा का उदाहरण देते हुए सांस्कृतिक बारीकियों की सराहना की कमी को उठाया। उन्होंने कहा कि जब वे स्थानीय आबादी के साथ बातचीत करते हैं तब इसकी सराहना करने में सक्षम होते हैं। गजेंद्र सिंह पंवार ने सरिस्का और शांत वातावरण में पक्षियों की आवाज के बारे में बात की।

### पर्यटक बनने की अपील

एक बहुत ही चौंकाने वाली और कम ज्ञात कहानी तृप्ति पाण्डेय द्वारा सुनाई गई थी जो हाल ही में जॉर्जिया से लौटी थीं। जॉर्जिया विश्व पर्यटन दिवस शिखर सम्मेलन के लिए मेजबान देश है, जिसे यूएन ट्यूरिज्म द्वारा चुना गया है। जॉर्जिया के लिए 27 सितंबर शोक का दिन है, क्योंकि 1993 में उस दिन देश ने एक दर्दनाक नरसंहार के बाद अबकाजिया गणराज्य में सुखुमी को खो दिया था। उस त्रासदी के बाद से 27 तारीख को शोक व्यक्त करने के लिए झंडे झुकाए जाते हैं।

बुद्धिमत्ता और संतुलन जीवन के लिए आवश्यक हैं, और इन्हें तभी सीखा जा सकता है जब हम अपनी संभावनाओं और सीमाओं को समझते हैं।
**डॉ. जगदीश चंद्रा,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



### दक्षिण-पूर्वी अमेरिका में तूफान ने मचाई तबाही

# हेलेन का तांडव... 49 की मौत

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

फ्लोरिडा और दक्षिण-पूर्वी अमेरिका में हेलेन तूफान ने तबाही मचा दी है। इस शक्तिशाली तूफान ने यहां पर सब कुछ अस्त-व्यस्त कर दिया है। अभी तक इस तूफान की वजह से 49 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। हेलेन तूफान की वजह से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं और हजारों लोग बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं। तूफान से तबाह हुए इलाकों में लगातार बचाव कार्य किया जा रहा है.

हेलेन तूफान ने सबसे पहले फ्लोरिडा के बिग बेंड क्षेत्र में 140 मील प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ अपना कहर बरपाया। इसके बाद आसपास के राज्यों में भी ऐसे ही हालात हो गए। इसकी वजह से इन इलाकों में बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति बाधित हुई।

## 4000 सैनिक रेस्क्यू के लिए तैनात



### इन राज्यों में सबसे ज्यादा असर

हेलेन तूफान अपने पीछे विनाश के निशान छोड़ते हुए जा रहा है। स्थानीय प्रशासन लगातार बचाव कार्य में लगा हुआ है। फ्लोरिडा के पिनेलस काउंटी में, शेरिफ बॉब गुआल्टिएरी ने हेलेन तूफान से हुए विनाश को 'युद्ध क्षेत्र' बताया है, वहीं दक्षिणी जॉर्जिया में प्रशासन मलबा हटाने और सड़कें खोलने में लगा हुआ है, जिससे बचाव कार्य जल्दी हो सके। इसके अलावा अटलांटा में रिकॉर्ड तोड़ बारिश दर्ज हुई है, यहां पर 48 घंटों में 11.12 इंच बारिश हुई।

### बचाव कार्यों में जुटी सरकार

अमेरिकी सरकार तेजी से बचाव कार्यों में लग गई है। रक्षा विभाग ने बताया कि फ्लोरिडा में लगभग 4,000 नेशनल गार्ड्समैन तैनात किए गए हैं, जबकि उत्तरी कैरोलिना, जॉर्जिया और अलबामा में अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने घोषणा की कि बचाव प्रयासों में सहायता के लिए 1,500 से अधिक संघीय कर्मियों को भेजा गया है।

### 40 लाख घरों की बिजली सप्लाई हुई ठप

हेलेन तूफान के दस्तक देने से पहले ही तेज हवाओं के कारण फ्लोरिडा, जॉर्जिया और दक्षिण कैरोलिना में लगभग 40 लाख घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली सप्लाई ठप हो गई थी। फ्लोरिडा, जॉर्जिया, अलबामा, कैरोलिनास और वर्जीनिया के गवर्नरों ने अपने-अपने राज्यों में इमरजेंसी का ऐलान कर दिया था। कैटिगरी 4 के हेलेन तूफान के कारण दक्षिणी जॉर्जिया के कुछ अस्पतालों की बिजली सप्लाई बाधित हो गई और गवर्नर ब्रायन केम्प ने कहा कि अधिकारियों को मलबा हटाने और सड़कें खोलने के लिए चेनसॉ का उपयोग करना पड़ा।

### 2.51 लाख करोड़ का नुकसान

हेलेन की वजह से अमेरिका में 2 लाख 51 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, गल्फ ऑफ मैक्सिको से फ्लोरिडा के तट पर टकराया यह अब तक का सबसे ताकतवर तूफान है। अमेरिका के इतिहास में यह 14 सबसे खतरनाक तूफानों में से एक है।

### अस्पताल की छत पर फंसे 54 लोगों को बचाया

तूफान की वजह से कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। इसी वजह से टेनेसी में यूनिकोई काउंटी अस्पताल में बाढ़ का पानी घुस गया। इसकी वजह से अस्पताल की छत पर 54 लोग फंस गए, लेकिन सभी को बचाव दल द्वारा हेलिकॉप्टर से सुरक्षित निकाल लिया गया। हेलेन तूफान कमजोर होकर उत्तर-उष्णकटिबंधीय चक्रवात में बदल गया है, जिसकी वजह से लगातार बारिश हो रही है। इससे जिससे बांध टूटने की आशंका काफी बढ़ गई है, अगर ऐसा होता है तो मंजर और भी ज्यादा भयावह हो जाएगा।



## जरूरी खबर

### नए बांग्लादेश के निर्माण में यूनुस ने मांगा सहयोग



**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने वैश्विक समुदाय से नए बांग्लादेश के निर्माण में सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा वह बांग्लादेश में स्वतंत्रता और लोकतंत्र सुनिश्चित करना चाहते हैं। प्रो. यूनुस ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस के संबोधन में बांग्लादेश के मौजूदा सूरत-ए-हाल पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के आम लोगों, खासकर युवाओं की शक्ति ने देश को व्यवस्था में सुधार लाने और भेदभाव को समाप्त करने का अवसर प्रदान किया है। प्रो. यूनुस ने कहा कि अंतरिम सरकार ने देखा है कि बांग्लादेश में भ्रष्टाचार, संस्थाओं का निर्मम राजनीतिकरण, कुलीनतंत्र और धन-संपत्ति का गबन हो रहा है। सरकार की मुख्य प्राथमिकता सार्वजनिक पदों और संस्थाओं में बैठे लोगों को जवाबदेह बनाना है। अंतरिम सरकार सुशासन सुनिश्चित करेगी। मौलिक अधिकारों को बढ़ावा देगी। उनकी रक्षा करेगी।

### नेपाल में विनाशकारी बाढ़ में गई 55 की जान

# 'आफत की बारिश' 1200 घर पानी में बहे

■ 1053 लोग अब तक बचाए गए जीवित

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल के विभिन्न हिस्सों में हो रही लगातार बारिश के कारण पिछले 12 घंटे में 55 लोगों की मौत हो गई है। बाढ़ में फंसे एक हजार से अधिक लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। पिछले 24 घंटे में अब तक 1200 से अधिक घर पूरी तरह से पानी में बह गए। राहत और बचाव कार्य में जुटे सशस्त्र प्रहरी बल के मुताबिक पिछले 12 घंटे में ही देशभर में अब तक 55 लोगों की मौत हो गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन का समन्वय कर रहे सशस्त्र प्रहरी के डीआईजी पुरुषोत्तम थापा ने कहा कि मरने वालों में सबसे अधिक काठमांडू में ही हैं। थापा के मुताबिक राजधानी काठमांडू में ही सिर्फ 32 लोगों की मौत हो चुकी है। काठमांडू के अलावा ललितपुर में 16, भक्तपुर में 5, काभ्रे में 6, सिंधुपालचोक में 2, पांचथर में 5, धनकुटा में 2 तथा कुछ अन्य जिलों में 1-1 लोगों की मौत हो गई है। थापा ने बताया कि बाढ़ की चपेट में फंसे 1053 लोगों अब तक जीवित बचाए जा चुके हैं। इसके अलावा भूस्खलन में अब तक 15 लोग लापता बताए गए हैं। बाढ़ के कारण सबसे अधिक नुकसान काठमांडू और आसपास के क्षेत्रों में हुआ है। यहां बाढ़ के कारण हजारों लोग बेघर हो गए हैं। सशस्त्र प्रहरी के डीआईजी पुरुषोत्तम थापा ने बताया कि 1200 से अधिक घरों को पूरी तरह नुकसान पहुंचा हैं। काठमांडू जिले के 244 घर बाढ़ के पानी में बह गए हैं।



### 46 जिलों में ज्यादा असर

पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण देश के 46 जिलों में इसका बहुत अधिक असर देखने को मिला है। लगातार की बारिश के कारण देश के आधे से अधिक जिलों में बिजली की सप्लाई बंद है। पूरे देश में इंटरनेट सेवाएं बाधित हैं। काठमांडू को अन्य जिलों से जोड़ने वाले सभी राजमार्ग बंद है। इंटरनेट, मोबाइल और टेलीफोन सेवा अवरुद्ध होने के कारण काठमांडू का कई जिलों से संपर्क कट गया है।

### एयरपोर्ट बंद... आंतरिक उड़ानों पर रोक

**काठमांडू।** बारिश के चलते पूरे देश के एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। काठमांडू से आंतरिक उड़ानों को रोक दिया गया है, जबकि इंटरनेशनल फ्लाइट्स को भारत के अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डाइवर्ट किया गया है। काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से आंतरिक उड़ानों पर रोक लगा दी है। बारिश के कारण यहां की विजिबिलिटी बहुत ही कम होने के कारण विमानों के उड़ान और अवतरण बाधित हो रही है। नागरिक उड्डयन विभाग के महाप्रबंधक प्रदीप अधिकारी ने बताया कि काठमांडू सहित देशभर के सभी एयरपोर्ट को अगली सूचना तक के लिए बंद करने का आदेश दे दिया गया है। काठमांडू से आंतरिक उड़ानों पर रोक लगा दी गई है।



### शोक सभा में सामूहिक नरसंहार

# ताबड़तोड़ फायरिंग कर 17 लोगों को उतार दिया मौत के घाट

**एजेंसी** | जोहान्सबर्ग

दक्षिण अफ्रीका में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां सामूहिक गोलीबारी में 17 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। बताया जा रहा है कि दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप के लुसिकिसिकी शहर में दो परिवारों को निशाना बनाया गया है। मारे गए 17 लोगों में से 15 महिलाएं शामिल हैं। वहीं, एक शख्स की हालत गंभीर है। दो जगह हत्यारों ने खूनी खेल खेला। पहली जगह हत्यारों ने 12 महिलाओं और एक पुरुष को मार डाला। दूसरी जगह हत्यारों ने 3 महिलाओं और एक शख्स को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के अनुसार पीड़ित लुसिकिसिकी के न्याथी गांव के पास पड़ते नगोबोजाना में रिश्तेदार और पड़ोसी थे। एक साल पहले यहां एक मां और बेटी की हत्या की गई थी। इसके बाद शोक सभा का आयोजन अब किया गया था।

### आधी रात को खेला खूनी खेल



इंग्कुजा हिल के मेयर नॉनकोसी पेपिंग ने बताया कि हमलावर आधी रात को घरों में घुसे। महिलाओं और बच्चों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। कुछ बच्चों को भी गोली लगने की बात सामने आई है। वारदात में कितने लोग शामिल थे? उनका मकसद क्या था? अभी कुछ पता नहीं लग सका है। पुलिस को कोई बदमाश हाथ नहीं लगा है, लेकिन माना जा रहा है कि ड्रग्स तस्करी को लेकर इन लोगों के बीच आपसी विवाद हो सकता है।

1st इंडिया NEWS

फर्स्ट इंडिया मीडिया समूह द्वारा 'सच बेधड़क' दैनिक हिंदी अख़बार का अधिग्रहण कर लिया गया है अब इसका प्रकाशन फर्स्ट इंडिया मीडिया समूह द्वारा किया जायेगा.

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

अब फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

आइए प्रमाणित एवं ताजा खबरों की दुनिया में शामिल हो जाएं

Subscribe Now

### दो महीने तक रहेगा साथ

# आज धरती को मिलेगा एक और नया चांद!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अंतरिक्ष में चंद्रमा तो आप सबने देखा होगा, लेकिन अब धरती को दूसरा चंद्रमा मिलने वाला है। इसे इसकी साइज के कारण मिनी चंद्रमा भी कहा जा रहा है। पृथ्वी का ये नया चांद 29 सितंबर को मिलेगा, लेकिन ये अधिक समय तक नहीं रहेगा, फिर अपना नया रास्ता तलाश लेगा। हालांकि खगोल वैज्ञानिकों ने इसका नाम 2024 PT5 रखा है। दरअसल ये अब तक पृथ्वी की कक्षा में नहीं था, लेकिन पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण ने इसे अपनी ओर खींचने में तकरीबन सफलता हासिल कर ली है। जैसे लोग सम्मोहन खींचे चले आते हैं, वैसे इस समय ये पृथ्वी की ओर खींचा चला आ रहा है। 29 सितंबर से ये दुनिया की परिक्रमा करनी शुरू करेगा और फिर करीब दो महीने तक पृथ्वी के साथ रहेगा। 25 नवंबर को फिर ये हमें टाटा-बाय-बाय कह देगा।



### 7 अगस्त को पहली बार चला पता

खगोलविदों ने पहली बार 7 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका स्थित वेधशाला में इसे पृथ्वी की ओर आते देखा था। ये ऐसा छोटा चांद है, जिसे क्षुद्रग्रह और एस्टेरायड भी कहा जा रहा है। इसे 'अर्जुन क्षुद्रग्रह' के रूप में जाना जाता है। इसका साइज एक बड़े कमरे के बराबर यानी 11 मीटर या 37 फीट के आसपास बताया जा रहा है। ये घोड़े की नाल सरीखा होगा। हालांकि इसके मुकम्मल साइज का पता तभी लगेगा, जब ये पृथ्वी के परिवार में शामिल होकर घूमने लगेगा। इसके बाद ये फिर सूर्य की उस कक्षा में लौट जाएगा, जिसे हेलियोसेंट्रिक ऑर्बिट कहा जाता है।

### ऑनलाइन देख सकेंगे तस्वीरें

मिनी-मून को नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता है। यह बहुत छोटा है और धुंधली चट्टानों से बना है। यहां तक कि इसी घरेलू दूरबीनों से भी देखना मुश्किल होगा। इसे देखने के लिए खगोलीय उपकरणों की जरूरत होगी। खगोलशास्त्री डॉ. जेनिफर मिलार्ड ने बताया कि 'पेशेवर दूरबीनें ही इसे पकड़ पाएंगी। इसलिए आप इसकी बहुत सारी शानदार तस्वीरें ऑनलाइन देख सकेंगे। नासा के जेट प्रोपल्शन लैबोरेटरी होराइजन्स सिस्टम से उपलब्ध नवीनतम डेटा के अनुसार, 'क्षुद्रग्रह की तस्वीरें 29 सितंबर को दोपहर 3.54 बजे (अमेरिका के स्थानीय समयानुसार) मिलनी शुरू होंगी और 25 नवंबर को 11.43 पर यह दिखना समाप्त होगा।'

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्रा, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।